# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 229 । भोपाल, शनिवार 19 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



मांगों को लेकर पटवारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन, सौंपा ज्ञापन — पृष्ठ 2

- कला में उपभोक्तावाद और गांधी का संदेश
- आजादी के इंतजार में आधी आबादी — पृष्ठ 4

- कलेक्टर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में देखीं शैक्षणिक व्यवस्था — पृष्ठ 6

शिवराज सरकार ने घोटालों का कीर्तिमान बनाया : कमलनाथ — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### चीन के फ्रॉड को नहीं पकड़ सकी सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि चीन का एक फ्रॉड गुजरात से महज नौ दिन में 1200 करोड़ रुपए लूटकर फरार हो गया लेकिन मोदी सरकार उसका बाल भी बांका न कर सकी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि गुजरात में 'चीनी घुसपैठ' हुई है। चीन का एक नागरिक गुजरात आया और नौ दिन में लागों को 1400 करोड़ रुपए की चपत लगाकर गायब हो गया। उन्होंने कहा कि कमाल की बात यह है कि फ्रॉड की यह घाटना उस समय हुई जब खुद प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए गुजरात गये थे। प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए स्वाभाविक रूप से वहां सुरक्षा व्यवस्था उस दौर में बढ़ा दी गई होगी इसके बावजदू आखिर क्या हुआ कि 'चीनी फ्रॉड' लोगों को चूना लगाता रहा है औ गुजरात की पुलिस उस समय सोती रही।

### कुपवाड़ा में पास हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया। सेना ने शुक्रवार को बताया कि पांच एके राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की यह बरामदगी सेना, सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन दिन तलाशी अभियान के दौरान हुई है। सेना ने सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि विभिन्न एजेंसियों की भारी मात्रा में हथियारों होने की खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना, बीएसएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने 15 से 23 अगस्त तक कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू किया था।

### राज्यसभा के 9 सदस्य 21 को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के एस जयशंकर और तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ ब्रायन सहित राज्यसभा के नौ पुन: निर्वाचित और नवनिर्वाचित सदस्य 21 अगस्त को संसद भवन के राज्यसभा कक्ष में शपथ लेंगे। जयशंकर 2019 में गुजरात से राज्यसभा के लिए चुने गए जब उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। शपथ लेने वाले सदस्यों में तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, सुखेंदु शेखर रे, डेरेक ओ ब्रायन, प्रकाश चिक बड़ाइक और समीरुल इस्लाम शामिल हैं और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों में नागेंद्र रे, केसरीदेवसिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और एस जयशंकर शामिल हैं।

### उमर खालिद की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के पीछे की साजिश में कथित संलिप्तता को लेकर आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में जमानत की मांग करने वाली पूर्व जेएनयू छात्र उमर खालिद की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई गैर-विविध दिन पर करने की जरूरत है। शीर्ष अदालत में मंगलवार, बुधवार और गुरुवार गैर-विविध दिन हैं जब विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता वाले मामलों पर सुनवाई की जाती है। खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुझाव पर सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 9 अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।

### तेलंगाना में कांग्रेस ने 25 तक मांगे टिकट के लिए आवेदन

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मिलना शुरू हो गया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि आवेदन 18 अगस्त से 25 अगस्त तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त होने और उनकी जांच के बाद पार्टी योग्य उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं के बारे में एक सर्वेक्षण कराएगी। राज्य चुनाव समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों के नाम स्क्रीनिंग कमेटी को भेजे जाएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी सूची का विश्लेषण करेगी और फ़िल्टर करने के बाद चयनित नामों को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को भेजेगी।

## नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी चेतावनी

# सभी के साथ होगा एक जैसा व्यवहार

### नफरती भाषण व अपराध पूरी तरह अस्वीकार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में नफरती भाषण और नफरती अपराध के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी चाहे कोई भी हो, किसी भी पक्ष का हो। उनके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। ऐसे लोगों से कानून के तहत निपटा जाएगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। 18 अगस्त को मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस खन्ना ने कहा कि हमें बिहार में जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करनी है। नफरती भाषण पर हम अगले शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार सरकार राज्य में जातिगत जनगणना करा रही है। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई कर रही है। नफरती भाषण के मामले पर पिछली सुनवाई 11 अगस्त को हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि जहां भी नफरती भाषण होगा, उनसे कानून के अनुसार निपटा जाएगा। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, पिछली सुनवाई



में नफरती भाषण और अपराध पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त विचार व्यक्त किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नफरती भाषण और अपराध पूरी तरह अस्वीकार्य है। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, मैकेनिज्म बनाना जरूरी है। हमें इस समस्या का हल निकालना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रस्ताव मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रैलियों आदि पर रोक लगाने के आदेश देने से इनकार किया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे अपने पास उपलब्ध नफरती भाषण के मैटेरियल को तहसीन पूनावाला फैसले के मुताबिक नोडल अफसर को दें। नोडल अफसर कमेटी को इस तरह की शिकायतों पर निवारण के लिए समय समय पर मिलना चाहिए। साथ ही कहा था कि हम डीजीपी से कहेंगे कि वे एक कमेटी का गठन करें, जो अलग-अलग इलाकों के एसएचओ से प्राप्त हेट स्पीच की शिकायतों पर गौर कर उनके कंटेंट की जांच करे और सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी करे।

### सुप्रीम कोर्ट पहले भी सरकारों को दे चुका है निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2023 में नफरती भाषण के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआई दर्ज करें। नफरती भाषण से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि नफरती भाषण एक गंभीर अपराध है, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं? यह दुखद है। न्यायाधीश गैर-राजनीतिक हैं और उन्हें पार्टी ए या पार्टी बी से कोई सरोकार नहीं है। उनके दिमाग में केवल भारत का संविधान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन मामलों में कार्रवाई करते समय बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिए थे। 21 अक्टूबर 2022 को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को ऐसे मामलों में बिना शिकायत के केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। हरियाणा के नूंह के बाद महापंचायत में मुस्लिमों के खिलाफ अभियान के विरोध में जर्नलिस्ट शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि वह सरेआम नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश दे। याचिकाकर्ता ने बताया कि किस तरह देशभर में होने वाली रैलियों में एक समुदाय के सदस्यों की हत्या की जा रही है। इसके अलावा उनका आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री गुन्नौर में जनदर्शन में हुए शामिल, 3 निकायों को एक-एक करोड़ रुपए, कहा-

# पन्ना जिले में नर्मदा जल लाने के किए जाएंगे प्रयास



**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पन्ना जिले तक नर्मदा जल लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए गुन्नौर क्षेत्र में तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने यह बात गुन्नौर में आयोजित लाड़ली बहना कार्यक्रम के दौरान कही। श्री चौहान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ गुन्नौर में जनदर्शन के बाद आयोजित लाड़ली बहना कार्यक्रम में शामिल थे। उन्होंने यहां नर्मदा जल लाने के साथ ही गुन्नौर महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं शुरू करने , स्थानीय कन्या विद्यालय के उन्नयन के साथ 3 निकायों को एक-एक करोड़ रूपए का ऐलान भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पन्ना जिले के तीन नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए गुन्नौर, अमानगंज और देवेन्द्र नगर के लिए एक-एक करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि आज मध्यप्रदेश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को चाहे 10 लाख तक फीस भरनी हो, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल और 6 हजार रुपए प्रधानमंत्री किसान निधि के साथ ही राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की राशि देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज पर किसानों को ऋण भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बुजुर्गों को रेल ही नहीं विमान से भी तीर्थों के दर्शन करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हम महिला सशक्तिकरण का इतिहास बनाएंगे। प्रदेश में दुराचारियों के लिए कठोर सजा और फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं। इस दौरान श्री चौहान ने इस अवसर पर 677 करोड़ रूपए राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

पूर्व विधायक राजेश वर्मा ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़ी अनेक मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्याओं और लाड़ली बहनों का पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को एक बड़ी राखी भेंट की। लाड़ली बहनों ने भी शासकीय योजनाओं पर केन्द्रित पोस्टर को मुख्यमंत्री के सामने प्रदर्शित किया। स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं द्वारा श्री चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सम्मेलन में पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, पूर्व विधायक गोरेलाल अहिरवार, नगर परिषद गुनौर की अध्यक्ष अर्चना सिंह, मलखान सिंह, सतानंद गौतम, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### जनदर्शन में उमड़े नागरिक

कार्यक्रम में खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जनदर्शन में गुन्नौर के नागरिक मुख्यमंत्री श्री चौहान के स्वागत के लिए उमड़ पड़े। अनेक स्थानों पर मंच बनाकर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पुष्पहारों से किया।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीबों का जीवन बदला : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब से प्रदेश में बदलाव आना शुरू हुआ आज मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित राज्य बना। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में हम सभी मिलकर विधानसभा 2023 और लोकसभा 2024 के चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ इतिहास बनाएंगे।

# आकाशवाणी से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक है समीना की आवाज़ का जलवा

समीना अली सिद्दीकी के पिता शाकिर अली, आकाशवाणी भोपाल में आवाज़ के बादशाह के नाम से जाने जाते थे। समीना ने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वही मुक़ाम हासिल किया है। आकाशवाणी हो, दूरदर्शन हो या कोई बड़ा मंच - समीना की आवाज़ का जलवा हर जगह महसूस किया गया और सराहा जाता है। ताज्जुब नहीं कि अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति, विशिष्ट व्यक्तियों के साक्षात्कार और ढेर सारे प्रतिष्ठित पुरस्कार उनके खाते में दर्ज हैं। स्वतंत्र पत्रकार **वंदना दवे** ने **स्वयंसिद्धा डॉट कॉम** के लिए पिछले दिनों समीना से बातचीत की जो यहाँ आपके लिए पेश है :






- ***सबसे पहले तो अपनी पैदाइश और परवरिश के बारे में बताइए।***

मेरा जन्म भोपाल में ही हुआ। पिता शाकिर अली आकाशवाणी में थे और उन्हें आवाज़ कर बादशाह कहा जाता था। ये कहना गलत नहीं होगा किया वे आकाशवाणी भोपाल की पहचान थे। मां तनवीर अली हमीदिया कॉलेज में राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष थीं।

- ***फिर तो आपकी पढ़ाई भी भोपाल में हुई होगी!***

जी हाँ, मेरी प्रारंभिक शिक्षा सेंट्रल स्कूल से हुई। हायर सेकंडरी कमला नेहरू से की। 1986 से 1989 तक रीजनल कॉलेज भोपाल से हिन्दी और अंग्रेजी साहित्य में बीए-बीएड किया। इसके बाद एमएलबी कॉलेज से अंग्रेजी में एमए किया।

- ***अपने भाई-बहनों के बारे में बताइए।***

हम तीन बहनें हैं और मैं सबसे बड़ी हूँ। माता पिता ने हम तीनों बहनों को उच्च शिक्षा दिलवाई। एक बहन बोस्टन में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाती है तथा दूसरी भी शारजाह के ब्रिटिश स्कूल में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाती है।

- ***आपका मीडिया की ओर रूझान कैसे हुआ?***

चुंकि मेरे पिता जी आकाशवाणी में सीनियर अनाउंसर थे तो मेरा भी रुझान उसी तरफ़ होना स्वाभाविक था। दूसरी बात ये कि मैं बचपन से ही मुखर रही हूं। इस वजह से छोटी उम्र में ही आकाशवाणी के बाल कार्यक्रम में शिरकत करना शुरू कर दिया था, कुछ समय बाद मैं युववाणी कार्यक्रम की एंकरिंग करने लगी। एक दिन ऐसा आया कि मैं आकाशवाणी और दूरदर्शन के नियमित प्रसारण से स्थायी रूप से जुड़ गई।

- ***आपके पिता भी इसी माध्यम में थे तो आपको अपना कार्यक्षेत्र चुनने में दिक्कत तो नहीं आई होगी!***

नहीं ऐसा नहीं है। पापा की इच्छा थी कि मैं टीचर बनूं। उन्हें लगता था कि लड़कियों के लिए नौकरी में सबसे अच्छी जगह स्कूल या कॉलेज ही है, मगर मैंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में करियर बनाया। 1989 में पिता जी को बगैर बताए केजुअल अनाउंसर का फॉर्म भरा और चुन ली गई। कुछ सालों बाद पिताजी ने मेरे काम से खुश होकर कहा कि मुझे तुम पर फ़ख्र है। जो मैं नहीं कर सका वो आज तुम कर रही हो।

- ***आपकी माँ और पिता - दोनों ही उच्च शिक्षित और नौकरीपेशा थे तो खुले विचारों के होंगे। फिर भी बताइए कि घर का माहौल कैसा था?***

हमारे यहां माहौल अनुशासित था। खासकर पढ़ाई और घरेलू काम को लेकर। दोनों ही जगह सख्ती थी। बाकी मां के प्रोफेसर होने से तथा पिता के आकाशवाणी से जुड़े होने के कारण घर में राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक चर्चाओं का वातावरण था। इसलिए मीडिया में काम करना मेरे लिए अपेक्षाकृत आसान रहा।




- ***आपकी भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ है। इसे कैसे हासिल किया आपने!***

रीजनल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान भगवत रावत सर और इकबाल अहमद सर जैसे नामचीन साहित्यकारों का सानिध्य मिला, इससे मेरी भाषा में लालित्य आ गया। इसी वजह से 1992 में जब भोपाल में दूरदर्शन आया तो मुझे उसमें न्यूज रीडर बनने का मौका मिला। 1993 में शादी के बाद दिल्ली चली गई और दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल में 2008 तक समाचार वाचक के रूप में काम करती रही।

देश के दिल मध्यप्रदेश में अनगिनत ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष, परिश्रम और प्रतिभा के बल पर एक ख़ास मुकाम हासिल किया है। इस साप्ताहिक श्रंखला में आप प्रदेश की उन महिलाओं से परिचित हो सकेंगे, जिनके बारे में आपने पहले शायद कभी सुना या पढ़ा नहीं होगा।

एक दिलचस्प बात अपनी भाषा के बारे में आपको बताती हूं। मेरा पहला बुलेटिन सुनकर ही मीडिया हैरान रह गया था। उसके अगले दिन ही स्टेट्समैन अखबार ने अपने एक स्तम्भ में मुझे दूरदर्शन की अद्भुत खोज बताया। उन्हें बड़ा आश्चर्य था कि हिन्दी ऐसे भी बोली जाती है।

दरअसल, मध्यप्रदेश में हिन्दी उच्चारण वैसे भी अन्य हिन्दी भाषी राज्यों से अच्छा होता है और फिर मुझे कॉलेज में भी काफ़ी कुछ सीखने को मिला। इसके अलावा मेरी हिन्दी इसलिए भी सराही गई कि मैं आम हिन्दुस्तानी भाषा बोलती हूँ।

- ***लोकसभा टीवी पर प्रसारित आपका कार्यक्रम अस्मिता काफ़ी चर्चित रहा। आमतौर पर नीरस विषय पर बने इस कार्यक्रम को आपने रोचक कैसे बनाया?***

'अस्मिता' दरअसल सामाजिक विसंगतियों पर आधारित कार्यक्रम था, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई थी। महिलाएं और दूसरे सामजिक मुद्दे इसकी विषयवस्तु हुआ करते थे। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति इतनी अच्छी थी कि बहुत जल्दी इसने मीडिया जगत का ध्यान खींच लिया। लोकसभा चैनल पर इसका प्रसारण होता था तो सांसदगण भी इसे देखते थे। इसमें शामिल मसलों को संसद में भी उठाया जाता था।

- ***आपने राज्यसभा टीवी के लिए भी काम किया है। यहां शख़्सियत कार्यक्रम आपने प्रस्तुत किया, जो आज भी काफी लोकप्रिय है। क्या कहना चाहेंगी!***

मैंने 2011 में राज्यसभा टीवी पर सीनियर एंकर के तौर पर काम करना शुरू किया और जल्द ही एसोसिएट प्रोड्यूसर के पद पर पहुँची। इस दौरान शख़्सियत कार्यक्रम जो शास्त्रीय संगीत कला और साहित्य को समर्पित था प्रस्तुत किया।

इसमें देश विदेश के बड़े कलाकारों और साहित्यकारों से बेतकल्लुफी से हर पहलू पर चर्चा की जाती थी। इसीलिए यह कार्यक्रम बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। कला, संस्कृति और साहित्य को जानने, समझने वाले तथा शोधकर्ताओं के लिए दूरदर्शन आर्काइव में यह अनमोल तोहफ़ा है। कार्यक्रम की प्रामाणिकता को देखते हुए पंडित जसराज के एक शिष्य जो अमेरिका में रहते हैं उन्होंने अपने शोध पत्र में इसका जिक्र किया। ऐसे ही ग़ज़ल गायक गुलाम अली साहब पर पीएचडी करने वाले छात्र ने भी अपनी थीसिस में अनेक संदर्भों में इस कार्यक्रम का उल्लेख किया।

- ***आपने सिर्फ आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए ही काम किया या इसके अलावा भी!***

इन माध्यमों के अलावा भी मैंने बहुत कुछ किया है और अभी भी कर रही हूं।1997 से लेकर अभी तक तकरीबन सभी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के कार्यक्रमों में कंपीयरिंग की है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन के लोकार्पण समारोह में भी मंच संचालन किया था। मेरे दीगर कामों की बहुत लम्बी फ़ेहरिस्त है।

- ***तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के साथ भी आपने कुछ काम किया है, उसके बारे में बताइए।***

जी, आपने सही कहा। मैंने कलाम साहब के साथ काम किया और मेरा अनुभव बहुत बढ़िया रहा। दरअसल, राष्ट्रपति भवन में उनके कार्यकाल में दृष्टि बाधित बच्चों के लिए एक बगीचा बनाया गया था जहां एक हज़ार से भी ज़्यादा औषधीय पौधे लगाए गए थे। हर पौधे के सामने एक बक्से में एक ऐसी मशीन लगाई गई है कि जब उस पर पैर रखा जाता तो वह पेड़ या पौधे का परिचय देती है, जैसे मैं नीम का पेड़ हूं। मैं पर्यावरण और खून को साफ करने का काम करता हूं। बच्चे मशीन पर खड़े होकर पेड़-पौधों को छूकर महसूस भी कर सकते हैं।

इस मशीन में आवाज़ मेरी और अन्य साथियों की थी। कलाम साहब ने इस काम के लिए पारिश्रमिक अपने व्यक्तिगत अकाउंट से दिया था, न कि राष्ट्रपति भवन के किसी कोष से। जब हम लोगों ने सामाजिक सरोकार का कहकर पैसे लेने से इंकार किया तो कलाम साहब ने कहा आर्टिस्ट का काम ही सरोकार का होता है। यदि वह पैसे नहीं लेगा तो कैसे काम चलेगा।

- ***अपने वैवाहिक जीवन के बारे में बताइए।***

मेरी शादी 1993 में आकाशवाणी अधिकारी रहे जनाब रईस सिद्दीकी से हुई। उन्होंने मेरे काम में भरपूर मदद की और आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया। सिद्दीकी जी मशहूर शायर और बाल साहित्यकार हैं। अभी तक उनकी 15 से ज़्यादा किताबें छप चुकी हैं। मेरी बेटी समन ने स्वर्ण पदक के साथ राजनीतिक विज्ञान में एमए किया है। पिछले साल उसका विवाह मेजर माजिद सिद्दीकी के साथ हुआ।

- ***रेडियो और टीवी के आपके इतने लम्बे सफर में सराहना के अलावा क्या कोई सम्मान या पुरस्कार भी मिले हैं?***

जी, मुझे कई सारे राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार मिले। लेकिन सबसे प्रमुख है भारत की संसद द्वारा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाने वाला राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार, जो 2015-16 में मुझे दिया गया। इसे जनसंचार क्षेत्र का महत्वपूर्ण पुरस्कार माना जाता है। यह संसद के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा दोनों सदनों के सदस्यों की उपस्थिति में प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की खास बात यह है कि लोगों की रायशुमारी के साथ विभिन्न सूचकांकों को देखकर इसे दिया जाता है।

- ***फिलहाल आप क्या कर रही हैं?***

उम्रदराज हो रहे माता-पिता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को देखते हुए सन 2018 के अंत में नौकरी छोड़ मैं भोपाल आ गई। उनके आग्रह पर स्वतंत्र रूप से काम कर रही हूँ। पिता के जाने के बाद अब ज़्यादा से ज़्यादा वक़्त अपनी मां के साथ गुजारती हूं। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के पैनल की सदस्य होने के कारण देश के तमाम हिस्सों में होने वाले सरकारी कार्यक्रमों में संचालन कर चुकी हूँ। ये सिलसिला अभी भी जारी है।

**कॉपीराइट : www.swayamsiddhaa.com**

**सार समाचार**

## सामरसिंगा तालाब के पास मिला मानसिक विछिप्त व्यक्ति का शव

**गुना, देशबन्धु।** थाना धरनावदा क्षेत्र की पुलिस चौकी झागर अंतर्गत पुलिस ने सामरसिंगा तालाब के पास से एक अज्ञात मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति का शव बरामद किया है। झागर चौकी प्रभारी संतोष तिवारी से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सूजा खेड़ी निवासी प्रहलाद रजक पुत्र धीरज रजक गांव के सरपंच गिर्राज सहरिया के साथ पुलिस चौकी झागर में आकर बताया कि मैं अपनी गाय चराने सामरसिंगा तालाब के पास जंगल में गया था। यहां सड़क से 30 -40 मीटर अंदर जिंद बाबा की मड़िया के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। प्रहलाद ने आगे बताया कि यह वही मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति है जो कई सालों बेखेरड़ी, सूजाखेड़ी, चिल्का एवं झागर में घूमता फिरता रहता था जानकारी लगते ही झागर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची एवं शव अपने कब्जे ले लिया है। पुलिस ने मर्ग की कायमी कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

## युवा मित्र मंडल शांतिनगर से 21 को निकालेगा बाबा महाकाल की भव्य पालकी

**गुना, देशबन्धु।** सावन के सोमवार के मौके पर 21 अगस्त को युवा मित्र मंडल द्वारा बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएंगी। यात्रा दोपहर 12 बजे शिव मंदिर शांति नगर हरिपुर रोड से पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ आरंभ होगी। यह पालकी यात्रा हरिपुर रोड, बूढ़े बालाजी, पठार मोहल्ला, बोहरा मस्जिद, जयस्तंभ चौराहा, तेलघानी चौराहा, हाट रोड, सुगन चौराहा, बोहरा मस्जिद रोड, तलैया मोहल्ला से होते हुए शांति नगर हरिपुर रोड पर समाप्त होगी। समिति द्वारा बाबा महाकाल की पालकी यात्रा को लंबे समय से जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने शहरवासियों ने पालकी में शामिल होने धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## एकता परिषद ने की गांव-गांव बैठक, ज्ञापन 25 को



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी विधानसभा के ग्राम पंचायत अकोदा के ग्राम फुटी, तलया, पारोदा में एकता परिषद द्वारा सहरिया आदिवासियों के साथ बैठक की। जिसमें जनजाति समुदाय की लोगों की मूलभूत एवं जनसरोकार मुद्दे को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ग्राम के मुरारी, रमेश, बलराम, मेघराज, कोमल सहरिया ने बताया कि 28 परिवारों का वनभूमि कृषि पर कब्जा है और खेती करते हैं। लेकिन आज तक पट्टा नहीं मिला है। जबकि उनके पास वर्ष 2004 का नोटिस भी और ऑनलाइन आवेदन दर्ज किए गए हैं। इस दौरान ग्राम की हरिबाई ,आशाबाई, गुड्डी बाई ने कहा कि बिजली पानी की व्यवस्था नहीं है । परिषद के सूरज सहरिया ने बताया कि आदिवासियों की समस्या को लेकर 25 अगस्त को रैली की जाएंगी। जिसमें कलेक्टर को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कलेक्टर ने गुना और बमोरी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र, किया औचक निरीक्षण, कहा

# टोलों में घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा गुना विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र, गादेर, महूगढ़ा तथा विधानसभा बमोरी के डोलबाज, गढा, बेरखेडी, मुरादपुर, बरोदिया कला, एवं गोलाखेडी मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची के सबंध में जानकारी प्राप्त की और बीएलओ को निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केन्द्रों के गांव एवं मजरा, टोलों में घर-घर जाकर मतदाता सूची में मतदातों नाम जोडने की कार्यवाही की जावे एवं ऐसे मतदाता जो मृत हो गये या अन्यत्र चले गये उनके नाम परीक्षण उपरांत मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही की जावे।



निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गुना ग्रामीण कमल मड़ेलिया, बमोरी तहसीदार गजेन्द्र सिंह लोधी, नायब तहसीलदार देवदत्त गोलिया भी उपस्थित रहें ।

**मुरादपुर स्कूल में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा :** इस दौरान उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुरादपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया और बच्चों से सवाल-जवाब किये गये।

इधर कलेक्टर श्री राठी द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य दिनांक 02 से 31 अगस्त तक कराया जा रहा हैं जिसके तहत मतदाता सूचियों का वाचन मतदान केन्द्रों पर कराया जा रहा हैं जिसके रेंडम जांच हेतु कलेक्टर द्वारा अधिकारियो/ कर्मचारियों का दल गठित कर मतदान सूची की रेंडम जांच कराई जा रही हैं। इसी क्रम में आज गुना विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 34 में जाकर दल द्वारा मतदाता सूची की जांच की गयी। इस दौरान ऐसे मतदाता जो मृत हो गये या अन्यत्र चले गये हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा जिले के 18 अधिकारियों को भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में दिनांक 19 एवं 20 अगस्त को मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर रेंडम जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

### व्हाट्सएप ग्रुपों से होंगे लेफ्ट, फिर जाएंगे हड़ताल पर

# मांगों को लेकर पटवारी करेंगे चरणबद्ध आंदोलन, सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** मप्र पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलन की राह पर है। शुक्रवार को मप्र पटवारी संघ की गुना इकाई द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी लंबित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। पटवारी संघ अब अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई के मूड में है। इसके तहत 21 अगस्त से जिले भर के समस्त पटवारी शासकीय वाट्सएप ग्रुपों से लेफ्ट होकर संपूर्ण ऑनलाईन कार्यों से दूर हो जाएंगे। वहीं 23 अगस्त से 3 दिवस तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। उसके बाद भी यदि शासन पटवारियों की मांग को लेकर कोई उचित निर्णय नहीं करता है तो तृतीण चरण में 28 अगस्त से सामूहिक कलमबंद हड़ताल करेंगे।

वहीं जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में पटवारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा 26 मई को दिए गए आश्वासन पर सकारात्मक कार्रवाई की मांग की। इसके पूर्व पटवारी संघ के बैनरतले बड़ी संख्या में पटवारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राज्य में पटवारियों का ग्रेड-पे 28 सौ रुपए किए जाने की मांग की गई है।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णगोपाल मीना ने बताया कि पटवारीगण अपनी मांगों को लेकर पिछले कई सालों से प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रेड-पे बढ़ाए जाने सहित वेतन भत्तों को लेकर अपनी मांग रख रहे है, किन्तु सरकार द्वारा अब तक मांगे पूरी नहीं की गई हैं। एक बार फिर से पटवारी संघ के राज्य संगठन द्वारा सरकार को मांगों के संबध में स्मरण कराने के लिए जिला स्तरीय ज्ञापन सौंपा गया है।

## मानस भवन समिति ने कराई रामचरित मानस पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**गुना, देशबन्धु।** मानस भवन समिति द्वारा संत गोस्वामी श्री तुलसीदास जयंती पर्व के द्वितीय दिवस पर आयोजित रामचरितमानस पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 2164 छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। मंत्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में 520 प्रतियोगी, वंदना स्कूल में 262 प्रतियोगी, शांति पलिक स्कूल में 232 प्रतियोगी, माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी में 98 प्रतियोगी, सीएम राइजिंग स्कूल 179 प्रतियोगी, उत्कृष्ट विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व भवंस स्कूल एवं मानस भवन में आए छात्राओं सहित कुल 889 विद्यार्थियों ने मानस भवन में भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में व्यास पीठ पर विराजित राम कथा वाचक पंडित शिवदयाल भार्गव ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को रामचरितमानस के ग्रंथ की उपयोगिता और उनके जीवन में प्रतिदिन उनकी उपयोगिता एवं भारतीय संस्कृति सयता के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि राम चरित्र मानस को प्रतिदिन अध्ययन एवं वाचन करने हेतु विद्यार्थियों को उपदेसित किया। इस अवसर पर मानस भवन समिति के मंत्री सुनील अग्रवाल एवं कार्यक्रम प्रभारी अनिल भार्गव ने सभी स्कूलों के प्रबंधनों, प्राचार्य एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता तीन ग्रुपों में हुई। जिसमें जूनियन वर्ग 15 साल एवं सीनियर वर्ग 30 साल, वरिष्ठ वर्ग में 30 वर्ष से अधिक के छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की श्रृंखला में 20 अगस्त को नगर में चातुर्मासरत मुनिश्री आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज के मुख से अमृतवाणी दोपहर 2:30 से 3:30 बजे तक, 22 अगस्त को शाम 7 बजे रामचरित मानस पर आधारित प्रश्न मंच होगा। जिसमें केवल सामान्य ज्ञापन प्रतियोगिता में चयनित अभ्यर्थी ही भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में विजेता प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागी को एक परिजन के साथ अयोध्या धाम की यात्रा समिति द्वारा कराई जाएगी। वहीं 23 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती दिवस पर प्रातः 10 बजे से पूजन अर्चन एवं शाम 5 बजे से रामकथा का विश्राम पुरस्कार वितरण, संत विदाई समारोह होगा।

## शहर की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर तरूण राठी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि शहर में जगह-जगह आवारा मवेशी विचरण कर रहे हैं। वहीं आवारा कुत्तों का आतंक से भी जनता परेशान है। वहीं पीएम आवास कुटीर योजना में शहर के हजारों आवेदक अपना आवेदन नपा में जमा कर चुके हैं। लेकिन उनकी आज तक कोई सुनवाई नहीं है।

ज्ञापन में शहर के वार्डों में गंदगी और मच्छरों से निजात दिलाने की मांग की गई। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के अनुसार इस संबंध में कई मर्तबा लिखित में मांग की गई, लेकिन नपा वार्डों में कीटनाशक का छिडकाव नहीं करती है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से शहर की उक्त जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। मांग करने वालों में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ के अलावा कृष्णा जाटव, हलीम गाजी, रामवीर जाटव आदि शामिल हैं।

## जमीन पर जबरन कब्जे की कोशिश, की शिकायत

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत तलैया मोहल्ला में दुर्गा टॉकीज के पीछे बसोर गली में एक महिला के घर की जमीन पर पड़ोसियों द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में महिला ने मकान के कागजातों के साथ पुलिस को शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा कोरी के माता-पिता एवं भाई की मृत्यु हो चुकी है। अब वह घर में अकेली रहती है। उसके पड़ोसियों द्वारा विगत पुराने मकान को तोडक़र नया मकान बनाना शुरू किया है। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियां के घर की तीन फुट जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। आरोपीगणों ने जबरन गढ्डे खोदकर निर्माण भी शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो वह लडऩे पर उतारू हो गए। वहीं उनकी मकान की दीवार को भी उन्होंने क्षतिग्रस्त कर दिया। एसपी को दिए आवेदन में महिला ने आरोपियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को रोककर नापतौल कराने की मांग की है।



## जनप्रतिनिधियों के साथ सीएमओ ने वार्डों का किया निरीक्षण

**आष्टा, देशबन्धु।** सीएमओ राजेश सक्सेना ने वार्ड क्रमांक 1 अलीपुर क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं संबंधित वार्ड पार्षद डॉ. सलीम सहित अपने सभी अधिकारी, कर्मचारियों के साथ पूरे वार्ड का 3 किलोमीटर पैदल चलकर निरीक्षण किया। वहीं रहवासियों से उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। वार्ड की पीला खदान व डोराबाद में नामांतरण व आवास योजना की शिकायतें अत्याधिक प्राप्त हुई, जिस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सक्सेना ने स्वयं नागरिकों से चर्चा कर ऐसी सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने संबंधी अपने अधिनस्थों को निर्देशित किया। वहीं पीला खदान क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों द्वारा टंकी की समस्या अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष रखा, जिस पर सीएमओ राजेश सक्सेना ने त्वरित कार्य को पूर्ण करने संबंधी नागरिकों को आश्वस्त किया और अधीनस्थ कर्मचारी को टंकी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने सभी स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा, जमादारों के साथ ही सफाई मित्रों एवं कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ स्थानीय नगरपालिका कार्यालय के सामने स्थित कम्युनिटी हाल में बैठक की। जिसमें सीएमओ श्री सक्सेना ने कहा कि कोई कर्मचारी कार्यालयीन समय में चौक-चौराहा पर मदिरापान करते हुए मिलता है तो उसका स्पॉट मेडिकल कराकर उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सफाई मित्र 4 घंटे सुबह व शाम को 4 घंटे काम करेगा। इस अवसर पर सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, उपयंत्री पी.के. साहू, अन्रिूद्ध नागर, यश कौशल, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, आयूषी भावसार, आदित्य तलनीकर, सुभाष सिसौदिया, अजय द्विवेदी, मोहम्मद इसरार, विनोद सांगते, अमरदीप सांगते, पप्पू खरे, मनोज घेंघट, राजेश घेंघट, विनोद रतिराम, कमल सांगते सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद थे।

## दल बदलकर दिया धोखा, अब झांसे में मत आना : महाजन



**सीहोर, देशबन्धु।** स्वार्थ सिद्धि के लिए दल बदलू लोगों ने जनता की पीठ में छुरा घोंप दिया। विश्वास को तोड़कर बड़ा निंदनीय कार्य किया। अब इनकी कुटिल चालो और झांसो में मत आना। निडर होकर केंद्र खुद पहुंचकर मतदान करना उक्त बात गुरुवार की रात विधानसभा क्षेत्र सीहोर के गुलखेड़ी निवारिया गांव में पहुंची हर घर हर द्वार दस्तक अभियान यात्रा के दौरान आयोजित नुक्कड़ नाटकों को आंगन बैठक में गौरव सन्नी महाजन ने ग्रामीणों के मध्य कहीं।

विधानसभा क्षेत्र सीहोर के विभिन्न ग्रामीण अंचल में पहुंचकर महाजन मित्र मंडली के कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान को लेकर जन जागरूकता फैलाई जा रही है। इस बीच गौरव सन्नी महाजन ग्रामीण अंचलों में किसानों के घर घर पहुंच रहे हैं।

कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदान से संबंधित जानकारियों से परिपूर्ण पर्चे भी बांटे जा रहे हैं जिसमें अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। हर घर हर द्वार दस्तक अभियान के दौरान अनेक ग्रामवासी श्री महाजन को विभिन्न स्थानीय समस्याओं से भी अवगत करा रहे हैं । ग्रामीण अंचलों में पहुंचने पर गौरव सन्नी महाजन का ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों के द्वारा ढोल धमाकों के साथ स्वागत सम्मान भी किया जा रहा है।

## गुटबाजी में न पड़े , टिकट के लिए सिफारिश की तो होगी कार्यवाई : चोपड़ा



**सीहोर, देशबन्धु।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुभाष चोपड़ा ने जिला कांग्रेस कमेटी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संगठन का कोई भी व्यक्ति प्रतिनिधिमंडल ले जाकर किसी भी व्यक्ति विशेष के लिए विधानसभा की टिकिट सिफारिश नहीं करेगा। यदि वह ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस सक्रिय है और संगठन की सुदृढ़ता के लिए बैठकों का दौर जारी है। लगातार पर्यवेक्षक मंडलम, सेक्टर और संगठन के पदाधिकारियों के साथ सीधे चर्चा कर रहे हैं। संगठन में अनुशासन बनाए रखने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुभाष चोपड़ा ने संगठन को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि संगठन का कोई भी व्यक्ति गुटबाजी में न पड़े, निष्पक्ष होकर संगठन और पार्टी के लिए काम करे। किसी भी डेलिगेशन में जाकर व्यक्ति विशेष के लिए विधानसभा टिकिट की सिफारिश न करें। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## संभागायुक्त ने लिया मुख्यमंत्री के भ्रमण की तैयारियों का जायजा

**शिवपुरी, देशबन्धु।** संभाग आयुक्त दीपक सिंह और आईजी डी श्रीनिवास वर्मा शिवपुरी भ्रमण पर आए। शिवपुरी में पोहरी और पिछोर में मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। अभी मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। तैयारी का जायजा लेने के लिए संभाग आयुक्त और आईजी पिछोर पहुंचे। उन्होंने हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया।

मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए हैं। गत दिवस संभागायुक्त पोहरी का निरीक्षण किया। पोहरी में भी मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होना है।

संभागायुक्त ने पोहरी कार्यक्रम स्थल पहुंचकर भी जायजा लिया। संभाग आयुक्त एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया, एडीएम विवेक रघुवंशी और एसडीएम पिछोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पोहरी फीडर पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी, देशबन्धु।** 11 के.व्ही. पोहरी फीडर पर 19 अगस्त को आवश्यक रखरखाव के कार्य किए जाने के कारण विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही. पोहरी फीडर के बंद रहने से दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 11 के.व्ही. पोहरी फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## जिले में अब तक 523.06 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी, देशबन्धु।** जिले में 1 जून से अभी तक 523.06 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 614.96 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।

भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1208.98 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 641.20 मि.मी., बैराड़ में 316 मि.मी., पोहरी में 467.50 मि.मी., नरवर में 448 मि.मी., करैरा में 467.80 मि.मी., पिछोर में 692 मि.मी., कोलारस 419.60 मि.मी., बदरवास में 668.40 मि.मी. तथा खनियाधाना में 587 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

## मंसूरी शहर कांग्रेस के प्रवक्ता बने बधाईयों का तांता लगा

**आष्टा, देशबन्धु।** प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा की सहमति पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ बलवीर तोमर की अनुशंसा पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू के ने इसराईल मंसूरी को प्रवक्ता नियुक्त किया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर बब्बन नियाजु की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का जहां पुराना बस स्टैंड पर स्वागत किया गया। पुष्पमाला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वागत कर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। श्री मंसूरी और बब्बन को बधाई देने वालों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू,जिला उपाध्यक्ष सनव्वर खान,मुजफ्फर पटेल,नवाब बेरी,मकसूद खान,आशिक मंसूरी, मुश्ताक मूंडला,मेहमूद अली,सद्दाम खान,बशीर उस्ताद, हबीब नूर आदि शामिल हैं।

## दस्तक अभियान : 4 से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों के दिया रक्त



*__सीहोर, देशबन्धु।__ दस्तक अभियान के अंतर्गत जिले में 421 जरूरतमंद बच्चों के लिए रक्ताधान किया गया। जिला चिकित्सालय में 141, सिविल अस्पताल आष्टा में 170 तथा सिविल अस्पताल भैरुंदा में 110 बच्चों को रक्त चढ़ाया गया। इनमें थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चे भी शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि दस्तक अभियान की शुरूआत 18 जुलाई से हुई थी। जिसमें स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त मैदानी दल द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को 11 प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। दल में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा एमपीडब्ल्यू शामिल है। दस्तक अभियान के तहत ग्राम स्तरीय दल द्वारा घर-घर जाकर सेवाएं दी गई तथा परीक्षण किया गया। अभियान के अंतर्गत सामुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल, 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग, दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के लिए सामुदायिक जागरूकता, बच्चों में बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात श्रवण बाधिता एवं दृष्टिदोष, वृद्धि विलंब, आरबीएसके कार्यक्रम में पहचान, समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना, एस.एन.सी.यू. से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन, गृहमेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुए बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना इत्यादि सेवाएं शामिल है।*

# राजधानी

## सार समाचार

### सद्भावना दिवस पर दिलाई शपथ



**भोपाल, देशबन्धु।** कमिश्नर कार्यालय और कलेक्ट्रेट कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस पर शपथ ग्रहण कराई गई। कमिश्नर कार्यालय में उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता और कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर सुश्री अरूणा रावत शर्मा ने शपथ दिलाई । अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस दौरान शपथ ली कि जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। साथ ही हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की प्रतिज्ञा दिलाई गई ।

### महिला सम्मेलन 27 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने एवं महिलाओं की हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी लाभ के लिए लाडली बहना सेना का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 27 अगस्त को जम्बूरी मैदान में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों के साथ बृहद महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। महिला सम्मेलन के लिए आयुक्त महिला एवं बाल विकास ने निर्देश दिए है कि जिले से प्रतिभागियों एवं कार्यक्रम के लिए ऐसी महिला प्रतिभागियों का चयन किया जाये जो च्मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही हों तथा लाडली बहना सेना की सदस्य भी हों।

### पुरस्कार के लिये प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक आर.के.सिंह ने बताया कि प्रत्येक जिला स्तर पर तीन विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार दिया जाना हैं। पुरस्कार के लिये प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है । वर्ष-2023-24 के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार की प्रविष्टियां संचालनालय को और जिला स्तरीय विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार प्रदान किये जाने की प्रविष्टियां जिला कार्यालय में जमा होंगी।

### 15 सितंबर तक कर सकते है आवेदन

**भोपाल, देशबन्धु।** आत्मा परियोजना अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन लिए जा रहे है। वर्ष 2022-23 के पुरस्कार के लिए किसान 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। किसान अपने आवेदन विकासखण्ड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय स्तर पर आत्मा परियोजना के बीटीएम और एटीएम को प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही कृषि अधारित समूह भी सर्वोत्तम समूह पुरस्कार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# कार्यक्रम में नहीं बुलाने पर उखड़े पार्षद, बोले- परिषद की बैठक में मुद्दा उठाएगी कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के वार्ड-46 में शुक्रवार सुबह हुए नगर निगम के पौधारोपण कार्यक्रम में हंगामा हो गया। चूंकि कार्यक्रम में नहीं बुलाने से नाराज इसी वार्ड के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान उखड़ गए। उन्होंने महापौर मालती राय के सामने ही विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उनकी महापौर से नोंकझोंक भी हुई। वहीं विरोध दर्ज कराने के बाद पार्षद कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिषद की बैठक में इस मुद्दे को उठाएगी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम ने शुक्रवार सुबह वार्ड वार्ड-46 के पांच नंबर स्टॉप स्थित जवाहर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम रखा था। इसी दौरान इसी वार्ड के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान भी वहां पहुंचे। उन्होंने महापौर मालती राय से कार्यक्रम को लेकर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर मुझे कोई सूचना नहीं दी गई, जबकि गुरुवार से ही इसकी तैयारी की जा रही थी। आज सुबह ऐनवक्त पर मुझे अफसरों का फोन आया कि यहां आ जाईये। ये तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने महापौर से कहा कि घर का कोई कार्यक्रम हो तो मुझे मत बुलाना, लेकिन यह निगम का कार्यक्रम है, जो मेरे ही निर्वाचन वार्ड में हो रहा है। इस दौरान महापौर और पार्षद में नोंकझोंक भी होने लगी। इस पर महापौर परिषद सदस्य जगदीश यादव समेत अन्य पार्षदों ने योगेंद्र सिंह को समझाया।

वहीं विरोध दर्ज कराने के बाद पार्षद चौहान कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और लौट गए। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड से जनता ने मुझे चुना हैं, उसी में कार्यक्रम हो रहा और स्थानीय पार्षद को ही नहीं बुलाया गया। यह वार्ड के लोगों और कांग्रेस पार्टी का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को आगामी परिषद की बैठक में भी उठाऊंगा।

# मौसेरे भाईयों पर किया चाकू से हमला, एक की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार इलाके के कजली खेड़ा में सब्जी का ठेला लगा रहे 2 युवकों ने मिलकर एक दुकान मालिक और उसके भाई पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विरम तोमर पुत्र स्वर्गीय बदरी प्रसाद तोमर उम्र 24 वर्ष अहमदपुर रोड चरनाल बैरसिया का रहने वाला था। लेकिन पिछले15 साल से परिवार के साथ कोलार स्थित कजली खेड़ा में पंजाब नेशनल बैंक के पास खुद के मकान में रहता था। उसके मकान में एक दुकान है, जो किराये पर दी हुई है। मोबाइल की दुकान के सामने पिछले कुछ दिन से दो युवक शाम के समय सब्जी का ठेला लगाकर खड़े होते थे। दुकानदार द्वारा कुछ दिन इन्हें नजर अंदाज किया जाता रहा। लेकिन जब उसकी ग्राहकी पर असर पड़ने लगा था तो वह युवकों से दुकान के सामने ठेला खड़ा करने से मना करने लगा। लेकिन वे अपना ठेला खड़ा करना बंद नहीं कर रहे थे। इसको लेकर उनके बीच विवाद भी हो रहा था। गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर दुकानदार और ठेले लगाने वाले युवकों के बीच विवाद हुआ थी। जिसकी शिकायत दुकानदार ने मकान मालिक विरम से की। किरायेदार की समस्या को देखते हुए विरम व उसका मौसेरा भाई विक्रम दोनों सब्जी वालों को समझाने आए। इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हुई। इसी बीच आरोपी आशीष सिंह और उसके साथी ने विरम के पेट और सीने में चाकू से हमला कर दिया। यह देख विक्रम उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसके गले पर हमला कर दिया। इससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान विरम की मौत हो गई, जबकि विक्रम की हालत नाजुक बनी हुई है। शुक्रवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजन को सौंप दिया गया, जिसके बाद बैरसिया के पैतृक गांव चरनाल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कोलार थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय का कहना है कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल एक आरोपी आशीष सिंह को नामजद किया गया है। मृतक के मौसेरे भाई भैया लाल तोमर ने बताया कि विरम बंटी नाम के एक व्यक्ति के टेंट हाउस में नौकरी करता था। घर में विरम,उसकी मां संतोष बाई और बड़ा भाई दिनेश रहते हैं। पिता की मौत के बाद विरम पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी।

## मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना

# बिजली कंपनी में डेढ़ हजार युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से एक ओर जहां युवाओं को औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण मिलेगा वहीं दूसरी ओर उन्हें काम के बदले मिलने वाले स्टाइपेंड से बेहतर आय का स्रोत मिलेगा । इसी क्रम में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत पंजीयन कराकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 1 हजार 562 युवाओं को ऑन द जॉब ट्रैनिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कराएगी।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत कंपनी का लगभग डेढ़ हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य है और इसके लिए समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा की इस योजना से व्यापक स्तर पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं के पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छात्र प्रशिक्षणार्थी के रूप में ऑन द जॉब ट्रैनिंग की सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन पास बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, लाइनमैन, स्टेनोग्राफर , इंजीनियरिंग (सिविल, इलेक्ट्रिकल), एग्जीक्यूटिव (एचआर आकाउंट) आदि पदों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### कंपनियों के साथ हुई प्रशासन की बैठक

**उधर** मुख्यमंत्री सीखों - कमाओं योजना के अंतर्गत आने वाले भोपाल जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक अपर कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के कई नामचीन संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित हुए, जिनमें टाटा मोटर, वीई कमर्शियल डायमंड मैन्युफेक्चरिंग, मप्र.क्षे.वि.वि.कम्पनी लिमिटेड एवं 150 अन्य प्रतिष्ठान शामिल थे। गोविंदरपुरा इन्डस्ट्री असोशिएशन, बगरोदा इन्डस्ट्री असोशिएशन, अचारपुरा इन्डस्ट्री असोशिएशन के पदाधिकारी, जिला अधिकारी श्रम विभाग, उद्योग विभाग एवं आईटीआई गोविंदपुरा उपस्थित थे एवं प्रस्तुतीकरण नोडल अधिकारी विलास नागदवने द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

# नकली सोने को असली बताकर बेचने वाले 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** न्यू मार्केट के मालवीय नगर इलाके में पुलिस ने राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के वाहन चालक के साथ नकली सोने को असली बताकर बेंचकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के वाहन चालक अब्दुल हकीम खान को एयरटेल तिराहे के पास दो युवक और एक महिला मिले और उनसे बातचीत करने लगे। बातों ही बातों में तीनों ने उनसे कहा कि उनको घर की खुदाई में सोना मिला है, उसे वह सस्ते में बेचना चाहते हैं। जब हकीम ने खरीदने में दिलचस्पी दिखाई तो आरोपियों ने उसे एक सोने जैसी माला दिखाई और सोने की जांच कराने के लिए उसके सामने ही माला के तीन मोती तोड़कर सुनार से जांच कराने के लिए दे दिए, लेकिन हकीम को शंका हुई तो उसने पूरी माला मांगी। इसके लिए आरोपी पहले तो तैयार नहीं हुए। लेकिन बाद में वह जैसे सुनार के पास पहुंचे तो पहले मोती की जांच कराई तो वह असली निकले। बाद में जब हकीम ने माला की जांच कराने के लिए कहा तो तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद हकीम ने पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने दो घंटे में सीसीटीवी खंगाल कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। इनमें केसरिया घाट के पास सनगवा चोकी थाना रामादेवी जिला कानपुर यूपी निवासी 44 वर्षीय धर्मेन्द्र राय उर्फ धर्मा सोलंकी, ग्राम लालकुआ बंगाली कालोनी राजीव नगर नैनीताल उत्तराखंड निवासी 40 वर्षीय किसनी देवी और सेक्टर तीन गांधीनगर भोपाल का रहने वाला 32 वर्षीय शिवा सिलावट शामिल हैं। यह तीनों वापस में रिश्तेदार हैं। आरोपितों के पास से करीब 40 ग्राम वजनी असली चांदी के चार सिक्के (सभी 150 साल पुराने) व असली सोने के तीन मोती व नकली सोने की मालाएं वजनी करीब दो किलोग्राम बरामद किए गए हैं।

एसआइ संजीव धाकड़ ने बताया कि यह कई साल से इस तरह से लोगों को ठगते आ रहे हैं। यह एक माला और चांदी के सिक्के रखते हैं। उसके बाद लोगों को मिलते हैं और उनको सस्ता सोना बेचने का झांसा देते हैं । जब खरीददार सुनार से सोने की माला की जांच कराने की कहता है तो यह उस माला में जोड़कर रखे असली सोने के मोतियों को उसके सामने ही तोड़कर दे देते हैं। इससे उसे शंका नहीं होती थी और उससे रुपये लेकर नकली सोना देकर फरार हो जाते है। पुलिस उनसे पूछताछ करने में जुटी हुई है।

### पार्सल में मादक पदार्थ होने का डर दिखाकर 2 लाख रुपये हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में आनलाइन ठगी अनोखा मामला सामने आया है। इसमें शातिर जालसाज ने पीड़ित को फोन कर धमकाया कि उनके पार्सल में भारी मात्रा में मादक पदार्थ मिला है। इस धमकी भरे फोन के बाद आरोपी ने पीड़ित से करीब दो लाख रुपये हड़प लिए। बाद में जब मामला खुला तो पीडित के पिता ने साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। साइबर क्राइम के एसआइ शिवराज सिंह ने बताया कि भोपाल निवासी जगमोहन कुमार ने साइबर क्राइम में शिकायत की थी। इसमें उन्होंने बताया कि उनका बेटा विश्ववीर यूरोप जाने वाला है। गत 10 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया था। फोन करने वाले ने कहा कि वह कोरियर कंपनी से बोल रहा है, उसके पार्सल में मादक पदार्थ मिला है। यह बात अगर बाहर चली गई तो आपके खिलाफ कार्रवाई होगी और आपका पासपोर्ट निरस्त हो जाएगा। इसके बाद आप विदेश भी नहीं जा पाएंगे। उसकी बात सुनकर विश्ववीर को डर लगा तथा उसने फोन करने वाले द्वारा बताए खाते में दो किस्तों में 1 लाख 94 हजार रुपए आनलाइन जमा कर दिए। बाद में जब वह और रुपये मांगने लगा तो विश्ववीर ने यह बात अपने उन्हें बताई। इस पर उन्होने मामले की शिकायत साइबर क्राइम में की तथा सभी बैंक खातों से भुगतान भी रुकवा दिए। इस मामले में पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान ठग की जानकारी दिल्ली में मिली है। साइबर पुलिस का यह भी कहना है कि विश्ववीर वर्तमान में यूरोप गया है। उसके वापस आने के बाद उसके बयान दर्ज किए जाएगे।

# सुनील तुल्सियानी ने करवाए सौ से ज्यादा नेत्र रोगियों के ऑपरेशन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** कनाडा के दानदाता सुनील तुल्सियानी और जीव सेवा संस्थान के सहयोग से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आज 115 नेत्र रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किये गये । ये रोगी इटारसी, होषंगाबाद, कोठरी, आष्टा, सीहोर, बनखेड़ी और सोहागपुर से लाये गये थे । श्री तुल्सियानी ने नेत्र रोगियों से उनकी कुषलक्षेम पूछी तथा सेवा सदन द्वारा दी जा रही सेवा-सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी ली । इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों को मध्यान्ह भोज परोसा । इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेष दयारामानी ने कनाडा के दान दाता श्री तुल्सियानी को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और संत हिरदाराम की अन्य संस्थाओं के कार्यों की जानकारी दी । इस अवसर पर सेवा सदन के सलाहकार डॉ. मदन देशपाण्डे, वरिष्ठ प्रबंधक द्वय भारती जनियानी और कुशल धर्मानी तथा सुनील तुल्सियानी के पुत्र देवेन्द्र तुल्सियानी भी उपस्थित थे ।

# पानी से भरे गड्ढे में गिरी बच्ची, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** घर के बाहर बने गड्ढे में डूबने से एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के वक्त उसके माता-पिता निर्माणाधीन मकान में काम करके लौटने के बाद हाथ-पैर धो रहे थे। इसी दौरान बच्ची मुंह के बल चार इंच पानी से भरे गड्ढे में गिर पड़ी थी।

कोलार पुलिस के मुताबिक कजलीखेड़ा निवासी प्रदीप अहिरवार निजी काम करते हैं। उनकी तीन बेटियों में वेदिका (डेढ़ साल) की सबसे छोटी थी। दानिश हिल्स कोलार में गुरुवार शाम को काम करने के बाद लौटे प्रदीप और पत्नी घर के बाहर हाथ-पैर धोने चले गए। इसी दौरान वेदिका घिसटते हुए घर के बाहर दरवाजे पर आ गई और वह घर के बाहर बने 4 इंच के गड्ढे में मुंह के बल गिर गई। गड्ढे में बारिश का पानी था, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजन वापस आए वह अचेत हालत में गड्ढे में मिली। वे उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया।

### युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

अयोध्या नगर इलाके में एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय संदीप मीना रायसेन का रहने वाला था। रायसेन में संदीप की खेती-बाड़ी है। करीब तीन महीने पहले संदीप भोपाल आया था और यहां आकर काम करने लगा। संदीप ने गुरुवार शाम करीब पांच बजे जीजा को इंटरनेट मीडिया पर संदेश लिखा। उसने लिखा कि वह जहर खाकर जान दे रहा है। संदीप के रिश्तेदार जब तक घर पहुंचे वह जहारीला पदार्थ खा चुका था। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात करीब 12 बजे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 39 सूत्रीय मांगों को लेकर 6 कर्मचारी संगठन 25 को हड़ताल करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** ग्रेड-पे में सुधार, पुरानी पेंशन बहाली सहित 39 सूत्रीय मांगों को लेकर छह बड़े कर्मचारी संगठनों से संबद्ध तीन लाख से अधिक कर्मचारी 25 अगस्त को एक दिन की कार्यालय बंद हड़ताल करेंगे। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ मोर्चा, तृतीय वर्ग, लिपिक, वाहन चालक कर्मचारी, पेंशनर सहित दो अन्य कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल का संयुक्त आव्हान किया है। एक दिन की इस हड़ताल की तैयारी के चलते कर्मचारियों ने शुक्रवार को जिला न्यायालय, लोक निर्माण और महिला एवं बाल विकास संचालनालय में भोजनावकाश में द्वार सभा की। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मोहन अय्यर, जिला न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, निगम मंडल के अध्यक्ष अनिल वाजपेयी, लोक निर्माण विभाग लिपिक संघ के अध्यक्ष रत्नेश सौंधिया ने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी प्रदेश सरकार मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए अब आंदोलन उग्र किया जाएगा। इन्होंने 25 अगस्त को आकस्मिक अवकाश लेकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।

## संशोधन सूचना

**दैनिक देशबंधु में नगर पालिका परिषद् महासमुंद द्वारा जारी निविदा क्रमांक 1167 दिनांक 29.07.2023 को प्रकाशित की गई थी। जिसमें त्रुटि पूर्वक निविदा दिनांक 28.07.2023 के स्थान पर 28.02.2023 प्रकाशित हो गया है। जिसे सुधार कर 28.07.2023 पढ़ा जावें।**

### न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 0127 /अ-6/2022-23

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कीर्ति देवी गुप्ता /रामस्वरूप गुप्ता निवासी ई-5/179 अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वसीयत के आधार पर ग्राम बाग मुगालिया तहसील कोलार स्थित भूमि का खसरा नंबर 344, 357, 358, 359 अर्थात 135 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है ।

2. उक्त संबध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इस्तहार जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुंत कर सकता है । समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/08/2023 को जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजिस्ट्रेट**
**तहसील कोलार, जिला-भोपाल**

# संत हिरदाराम महाविद्यालय की अवनि और शेमा हुई विजयी



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, द्वारा अन्तर महाविद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता में संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की लिटरेरी समिति की छात्रा अवनि शर्मा को प्रथम स्थान एवं शेमा महफूज़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को 10 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रा को 5 हजार रुपए भी प्रदान किये गए। लिटरेरी समिति संयोजक डॉ नेहा गुप्ता ने छात्राओं इस उपलब्धि पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जीतने की संभावना तो सभी में है पर कुछ ही इसे अभ्यास से वास्तव में साकार कर पाते हैं । वहीं महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं के उपलब्धि पर उनकी सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञातव्य हो कि कु अवनि एवं शेमा ने पूर्व में भी अनेक प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में विजयी होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

# एलएनसीटी विवि पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता केके मेनन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रसिद्ध बॉलीवुड सुपरस्टार केके मेनन अपनी आने वाली फिल्म लव ऑल के प्रचार के लिए राजधानी के कोलार रोड स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय पहुंचे। यह फ़िल्म 25 अगस्त को हिंदी के अलावा 7 भाषाओं में रिलीज़ हो रही है। विश्वविद्यालय के सभागार में हुई पत्रकार वार्ता में केके मेनन ने बताया कि यह फिल्म इसलिए अनूठी है क्योंकि इसका असली हीरो खिलाड़ी है। यह फ़िल्म बैडमिन्टन को केंद्र रख कर हर खेल और हर खिलाड़ी की कहानी कहती है। श्री मेनन ने कहा कि हार और जीत से ऊपर जाकर यह फिल्म खेल की सही फिलोसोफी को दिखाती है कि किस तरह खेल जीवन को बेहतर बनाता है। बता दें कि इस फिल्म को विश्व के श्रेष्ठतम बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक और प्रसिद्ध कोच पुलेला गोपीचन्द और फिल्म जगत के जाने-माने निर्माता निर्देशक महेश भट्ट ने इसे श्रेष्ठ खेल फ़िल्म बताया है। भोपाल शहर के सुन्दर स्थानों पर बनाई गई। इस फिल्म मे प्रेम कहानी भी साथ साथ चलती है। फिल्म मे मुख्य भूमिकाएं केके मेनन, स्वस्तिका मुखर्जी, श्रीस्वरा, अर्क जैन, दीप रांभिया और मजेल ने निभाई हैं। सिनेमेटोग्राफी जयवंत मुरलीधर राऊत की है।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया वृक्षारोपण



एलएनसीटी विश्वविद्यालय के 1 एमपीसीटीआर एनसीसी कैडेटों ने अमृत वाटिका वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक कैडेटों ने भाग लिया और ग्राम मंडोरा के आंगनवाड़ी परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्षों के 40 पौधे लगाए। इस मौके पर एनसीसी कैडेटों ने गाजर घास एवं खरपतवार हटाकर आंगनवाड़ी परिसर की सफाई भी की। कार्यक्रम का आयोजन कलाकुंज फाउंडेशन के सहयोग से कैप्टन पीयूष नेमा की देखरेख में किया गया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेएन चौकसे और प्रो चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे ने कैडेटों को इस गतिविधि के लिए प्रोत्साहित किया।

### न्यायालय अपर तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल

(पुराना जिला पंचायत भवन जिला भोपाल)

रा.प्र.क्र. 0333/अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित पटेल आ. श्री द्वारका प्रसाद निवासी म.नं. 41 राजगंज वार्ड सोहागपुर होशंगाबाद हाल मुकाम 4 बी दीप नगर, एयरपोर्ट रोड के पास भोपाल द्वारा ग्राम बैरागढ़कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 81/2/4, 82, 84, 89, 90, 91/2 का अंशभाग रकबा 1000 वर्गफिट भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर तहसीलदार**
**नजूल संतहिरदाराम नगर ( बैरागढ़ ) वृत्त भोपाल**

# अभिमत

*एक पूरे समुदाय से उत्पन्न होने वाली रचनात्मक अभिव्यक्ति और कला बाजार द्वारा कला के लिए व्यक्तिवादी कला के व्यवसायीकरण में एक मौलिक अलगाव है। आधुनिक भारतीय कला में लोक संस्कृति के संदिग्ध उपयोग में हम जो देखते हैं वह यह है कि किस तरह से प्रकृति के उत्सव का निजीकरण किया गया है और उसे एक उपभोक्ता वस्तु में बदल दिया गया है जो कला उद्योग का एक हिस्सा बन जाता है। लोक परंपरा में कला प्रथाएं संस्कृति और प्रकृति, समुदाय और पूरे जीवंत ब्रह्मांड को एक साथ लाने का तरीका थीं।*

## कला में उपभोक्तावाद और गांधी का संदेश



ज्योति साही

**उदार लोकतंत्र में जो लोग सत्ता में रहते हैं वे राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पूंजीवादी उद्योग का इस्तेमाल अपने निहित स्वार्थों के लिए करते हैं। उपभोक्ता विचारधारा उत्पन्न करते समय पारंपरिक संस्कृति को महत्वपूर्ण बनाया जाता है। कला रूपों का उपयोग आम विरासत को वैध बनाने और निजीकरण करने के लिए किया जाता है, चाहे वह जैविक हो या सांस्कृतिक।**

हमें इन दिनों बताया गया है कि नई वैश्विक व्यवस्था में भारत की प्रगति बहुत शानदार है। अभी 15 अगस्त को ही भारत ने अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया है। आज के राजनीतिक माहौल में हम शायद ही कभी 1948 में दिए महात्मा गांधी के उस 'सूत्र' को याद करते हैं जो उन्होंने हमें भारत की आबादी के सबसे गरीब और सबसे कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के कल्याण की कल्पना करने के लिए यह पूछते हुए दिया था कि 'क्या आप जिस कदम पर विचार कर रहे हैं वह उनके लिए कोई काम आने वाला है?' हमें आज इस सूत्र की पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है। भारत को रचनात्मक कल्पना के एक नए संग्रह की आवश्यकता है ताकि यह तय किया जा सके कि जमीन से जुड़े लोगों के रचनात्मक विकास पर सांस्कृतिक हस्तक्षेप का क्या प्रभाव पड़ सकता है। हम खुद को यह भूलने की अनुमति नहीं दे सकते कि जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक संकट उन लोगों की तुलना में गरीबों को अधिक प्रभावित करेगा जो हमारी आधुनिक दुनिया के उपभोक्ता समाज को आकार दे रहे हैं।

एक कलाकार के रूप में लेखक को विशेष रूप से 'गरीबों की संस्कृति और कला' में रुचि है। लेखक की राय है कि जिसे हम 'लोक कला' कहते हैं, उसके बारे में जो विशिष्ट तथ्य है वह भौतिकवाद से इसकी स्वतंत्रता है। लोक सौंदर्यशास्त्र भौतिक धन से जुड़ा नहीं है।

यह ऐसे समय में जब हम स्वतंत्रता का उत्सव मना रहे हैं, तो यह याद रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। किस चीज़ से आजादी? उपनिवेशवाद ने संस्कृति की समृद्धि को न पहचानते हुए उसे गरीब बना दिया, लेकिन औद्योगिकवाद एक अन्य प्रकार की दरिद्रता है जहां अमीर सोचते हैं कि वे गरीबों की संस्कृति का विनियोजन कर संस्कृति को नियंत्रित करते हैं।

'अपने पास कुछ न रखने' यानी अपरिग्रह में एक मूल्य है जो जमीन से जुड़े रहने वालों की विशिष्ट संस्कृति में है, उसके केंद्र में निहित है। यह अपरिग्रह उस प्रकार की अति सूक्ष्मता और सादगी का सार है। यह एक ऐसी संस्कृति की विशेषता है जो चीजों को रखने के बारे में सोचती नहीं है।

वर्धा के समीप सेवाग्राम में 'मध्यवर्ती प्रौद्योगिकी' पर एक बैठक 1978 में आयोजित की गई थी। 'मैसेज ऑफ बापू 'ज हट' (बापू की कुटिया का संदेश) विषय पर आयोजित इस गांधीवादी संगोष्ठी का उद्घाटन इवान इलिच ने किया था। लेखक ने एक बार अपने छात्रों को इवान इलिच के विचारों के बारे में बताते हुए पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि इस तरह 'बापू की झोपड़ी' के संदर्भ में दिए गए संदेश को भारतीय संदर्भ में उपयुक्त माना जा सकता है? लेखक को पता था कि उसके कई छात्र एक आधुनिक संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं जो इस तरह की झोपड़ी को 'अविकसित' के नजरिए से देखकर अस्वीकार करती है। 'वर्नाकुलर आर्किटेक्चर' को नया स्वरूप देने का प्रयास आउटडेटेड और रोमांटिक माना जाता है जो राजनीतिक आजादी के बाद वैश्विक प्राथमिकताओं के लिए प्रयास कर रहे आधुनिक भारत के लिए अप्रासंगिक है।

कोविड महामारी से बहुत पहले ही आधुनिकता की महामारी ने अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई को और चौड़ा करना शुरू कर दिया था। 'अंबानी सांस्कृतिक केंद्र' का उद्देश्य 'भारतीय कलाओं को संरक्षित और बढ़ावा देना' है जो हाल ही में बेंगलुरु में खोले गए कला और फोटोग्राफी संग्रहालय (म्यूजियम ऑफ आर्ट एंड फोटोग्रॉफी-एमएपी) से मेल खाता है। इस तरह की पहल आर्थिक रूप से कॉर्पोरेट उद्योग द्वारा समर्थित है। एमएपी में ज्योति भट्ट (जन्म 1934) की प्रदर्शनी उनके काम को प्रदर्शित करती है। गुजरात के गांवों में पारंपरिक सजावट, जमीन पर बनी और उनके साधारण घरों की मिट्टी से ढंकी दीवारों को दिखाते हुए उनके द्वारा खींचे गए फोटो विशेष दिलचस्प हैं जिनमें धरती से जुड़ी ग्रामीण संस्कृति का उत्सव दिखाया गया है। ज्योति भट्ट ने स्थानीय स्तर पर प्राप्त बुनियादी कच्ची सामग्री का उपयोग कर प्रकृति की लय से जुड़े समुदायों के रोजमर्रा के जीवन का दस्तावेजीकरण किया। कृषक समाज ने एक दृश्य भाषा विकसित की है जो प्राकृतिक परिदृश्य के करीब है। इस तरह की संस्कृति को उपभोक्ता उद्योग संस्कृति द्वारा बाधित किया गया है।

भारत की लोक कलाओं के सौंदर्य ने कई आधुनिक भारतीय कलाकारों को एक निहित शब्दावली प्रदान की है जिसकी जड़ें हमारी परंपराओं में हैं और जो समकालीन प्रश्नों को भी संबोधित कर सकती है। इस कला का उद्देश्य जीवन के पूर्व-औद्योगिक तरीके को 'चित्रित' करना नहीं है बल्कि उन लोगों के दैनिक अनुभव को मूर्तरूप देना है जिनका जीवन मौसम के बदलाव के अनुसार होता है। आनंद कुमारस्वामी ने जब सौंदर्यशास्त्र के लिए 'स्वदेशी' दृष्टिकोण की बात की तो इसने 'बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट' के अवनींद्रनाथ टैगोर और जामिनी रॉय जैसे अन्य छात्रों को प्राकृतिक वातावरण के करीब रहने वाली कहानियों और प्रतीकों पर आधारित लोक कल्पना की सराहना करने के लिए प्रेरित किया। इस 'स्वदेशी' कला ने 'कला के लिए कला' की पश्चिमी परिकल्पना से अलग होकर राष्ट्रवादी आंदोलन में एक स्थान ग्रहण किया। 'कला के लिए कला' की पश्चिमी परिकल्पना आधुनिक संस्कृति को विकसित करने की कोशिश करता है। पारिस्थितिकीविदों का मानना है कि जब उपभोक्तावाद द्वारा प्रकृति नष्ट की जा रही है तब हमारे वर्तमान सांस्कृतिक गतिरोध को दूर करने का एकमात्र उपाय 'स्वदेशी' कला है।

उदार लोकतंत्र में जो लोग सत्ता में रहते हैं वे राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पूंजीवादी उद्योग का इस्तेमाल अपने निहित स्वार्थों के लिए करते हैं। उपभोक्ता विचारधारा उत्पन्न करते समय पारंपरिक संस्कृति को महत्वपूर्ण बनाया जाता है। कला रूपों का उपयोग आम विरासत को वैध बनाने और निजीकरण करने के लिए किया जाता है, चाहे वह जैविक हो या सांस्कृतिक। वैश्विक अनुरूपता के जरिए रचनात्मकता को नियंत्रित किया जाता है जो विविधता को कम करता है।

कला समीक्षक संदीप लुइस बताते हैं कि किस तरह आधुनिक भारतीय कला लोक कला की परंपराओं को 'मानव शास्त्र और इतिहास के बीच' के रूप में उपयोग करती है। लुइस चर्चा में इस बात का उल्लेख करते हैं। 1982 में आधुनिक कलाकार जगदीश स्वामीनाथन नवनिर्मित भारत भवन का प्रमुख बन कर भोपाल गए थे। उस समय भारत सरकार ने ग्रामीण उद्योगों के संदर्भ में ग्रामीण और आदिवासी समुदायों की कलात्मक क्षमता को विकसित करने की कोशिश की। बाद में इन समुदायों के हितों को निजी क्षेत्र को सौंप दिया गया। स्वामीनाथन ने भारत भवन से जुड़े रूपंकर कला संग्रहालय के निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्हें युवा गोंड कलाकार जनगढ़ सिंह श्याम को 'ढूंढ निकालने' का श्रेय दिया गया जो पाटनगढ़ के दूरस्थ आदिवासी गांव में काम कर रहे थे। इस बेहद रचनात्मक युवा कलाकार के काम को बेंगलुरु में कला और फोटोग्राफी संग्रहालय सहित दुनिया भर की विभिन्न दीर्घाओं में देखा जा सकता है।

हालांकि एक पूरे समुदाय से उत्पन्न होने वाली रचनात्मक अभिव्यक्ति और कला बाजार द्वारा कला के लिए व्यक्तिवादी कला के व्यवसायीकरण में एक मौलिक अलगाव है। आधुनिक भारतीय कला में लोक संस्कृति के संदिग्ध उपयोग में हम जो देखते हैं वह यह है कि किस तरह से प्रकृति के उत्सव का निजीकरण किया गया है और उसे एक उपभोक्ता वस्तु में बदल दिया गया है जो कला उद्योग का एक हिस्सा बन जाता है।

लोक परंपरा में कला प्रथाएं संस्कृति और प्रकृति, समुदाय और पूरे जीवंत ब्रह्मांड को एक साथ लाने का तरीका थीं। अंत में, जनगढ़ सिंह श्याम द्वारा 38-39 वर्ष की आयु में तोकामाची (जापान) में अपनी जान लेने की त्रासदीपूर्ण मौतों की एक श्रृंखला की परिणति थी जिसकी शुरुआत उस समय हुई जब कला की व्यावसायिक उपयोग करने वाली दुनिया के लिए अपने मूल गोंड गांव को छोड़ दिया, वह 'व्यावसायिक दुनिया' जिसमें 'जंगल के जादू' को भुला दिया गया था।

***(लेखक स्वतंत्र कलाकार, लेखक और कला शिक्षक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)***

### बीता सप्ताह

**12 अगस्त**
- गृहमंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि राजद्रोह कानून समाप्त होगा। आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट बदला जाएगा।
- 23 दिनों तक चले संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में 45 व राज्यसभा में 63फीसदी कामकाज हुए।
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने सोने के 32 सिक्कों से बना 14 लाख का मुकुट श्रीकृष्ण मंदिर में दान किया।
- रूस ने 50 वर्षों बाद यान लूना-25 को चंद्रमा में प्रक्षेपित किया।

**13 अगस्त**
- छत्तीसगढ़ कांग्रेस के विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हो गए।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ड्रोन पैराशूट परितियोजन का सफल परीक्षण किया।
- महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निजी डिजीटल डेटा संरक्षण(डीपीडीपी)विधेयक-2023 को मंजूरी दी।
- पाकिस्तान में अनवर उल हक काकर कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए।

**14 अगस्त**
- छत्तीसगढ़ के कोटला, सरगुजा, गौरेला, पेंड्रा, मरवाही क्षेत्र में 3.6 रियेक्टर के भूकंप के झटके महसूस किए गए।
- चीन ने हाई आर्बिट सिंथेटिक एमर्चर रडार उपग्रह प्रक्षेपित किया।
- अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में आग लग लगने से 89 लोगों की मृत्यु हो गई।
- भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डालर से घटकर 601.5 डालर पर आया।

**15 अगस्त**
- हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन से 40 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 के बाद अब सूरज का अध्ययन करेगा।
- जुलाई में खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी पार हो गया। एक जून में 4.87 फीसदी थी।
- स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा- देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है।

**17 अगस्त**
- सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप काम्बैट हैंडबुक लॉन्च की।
- पाकिस्तान के गेंदबाज वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा।
- स्पेन के कार्लोस अतकाराज ने सिनसिनाटी-2023 के दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया के जार्डन थाम्पसन को हराकर इस साल की 50 वीं जीत दर्ज की।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल में मौजूदा नेटवर्क में 2339 किमी जोड़ने के लिए 7 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी।

**18 अगस्त**
- विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में क्रमश: 39 और 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की।
- चंद्रमा पर छोड़े गए चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर मॉडयूल, प्रॉपतरान अलग होकर आगे की यात्रा के लिए रवाना हुआ।
- अफगानिस्तान में तालीवान ने सभी राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध लगाया।
- नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर राहुल गांधी ने कहा नेहरू की पहचान नाम से नहीं कर्म से है।

## ताप-विद्युत बनाम 'अक्षय-ऊर्जा' : कोयले की कालिख

■ दीपमाला पटैल

भारत का लक्ष्य 2022 तक 'अक्षय ऊर्जा' यानी रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा के उदाहरण हैंङ्कबायोगैस, बायोमास, सौर ऊर्जा इत्यादि) से 175 गीगावॉट बिजली उत्पादन करने का था। भारत सरकार ने भी 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। 'रिन्यूएबल एनर्जी' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को हर साल लगभग डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपए के निवेश की जरूरत है, लेकिन अभी इस क्षेत्र में सालाना 75 हजार करोड़ रुपए का ही निवेश हो पा रहा है। यह 'अक्षय ऊर्जा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नाकाफी है।

भारत के प्रधानमंत्री ने 26 वें 'संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन' (सीओपी- 26) में घोषणा की थी कि भारत 2030 तक अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाएगा। यही नहीं, 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा की जरूरत 'अक्षय ऊर्जा' से पूरी करेगा और कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी करेगा। भारत, अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता (इन्टेंसिटी) को 45 प्रतिशत से भी कम करेगा और 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करेगा। सवाल है कि 'मैदान' में क्या हो रहा है?

इसी माह की शुरुआत में उत्तरप्रदेश सरकार ने सोनभद्र जिले के ओबरा में 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट की दो 'अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल ओबरा-डी थर्मल-पावर परियोजनाओं' को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राज्य के लोगों को सस्ती बिजली प्रदान करना बताया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने यह भी कहा है कि थर्मल-पावर उत्पादन के मामले में उत्तरप्रदेश की मौजूदा क्षमता 7,000 मेगावाट है और ये दो संयंत्र मौजूदा क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत योगदान देंगे।

> **उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सिंगरौली-सोनभद्र के कुछ इलाकों में लगभग 9 थर्मल-पावर प्लांट हैं। यहां 2019-20 में फ्लाई-ऐश बांध टूटने की तीन घटनाओं ने थर्मल-पावर प्लांट की राख के रख-रखाव पर सवाल खड़े किये थे। उसी क्षेत्र में बार-बार राख-बांध टूटने की घटनाएं और राख का ढेर, सिंगरौली-सोनभद्र में रहने वाले लोगों को कई वर्षों से वायु-प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ रहा है।**

एक नयी परियोजना-1600 मेगावाट क्षमता वाली ओबरा-डी को 18000 करोड़ रुपये की लागत की मंजूरी दी गई। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए सरकार द्वारा पहले ही 500 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जा चुकी है और यदि आवश्यकता हुई तो और अधिक जमीन आवंटित की जाएगी। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

इस प्रस्तावित परियोजना में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली बिजली जनरेटर 'एनटीपीसी' के साथ आधी-आधी साझेदार होगी। परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जहां 30 प्रतिशत इक्विटी दी जाएगी, वहीं शेष 70 प्रतिशत राशि की व्यवस्था वित्तीय संस्थानों से की जाएगी। इसका मतलब यह है कि बैंकों में जमा जनता का पैसा इस परियोजना पर लगाया जाएगा, जिससे थर्मल-पावर प्लांट के आसपास रहने वाली जनता का ही नुकसान होगा।

'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में छपे एक लेख के अनुसार उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के सिंगरौली-सोनभद्र के कुछ इलाकों में लगभग 9 थर्मल-पावर प्लांट हैं। यहां 2019-20 में फ्लाई-ऐश बांध टूटने की तीन घटनाओं ने थर्मल-पावर प्लांट की राख के रख-रखाव पर सवाल खड़े किये थे। उसी क्षेत्र में बार-बार राख-बांध टूटने की घटनाएं और राख का ढेर, सिंगरौली-सोनभद्र में रहने वाले लोगों को कई वर्षों से वायु-प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ रहा है। अतिरिक्त राख के कारण अक्सर ये बांध लीक या ओवरफ्लो हो जाते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए तबाही मच जाती है। इससे भूजल और सतही जल प्रदूषित भी होता है। इस क्षेत्र की पहचान 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' द्वारा गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्र के रूप में की गई है।

इसके बावजूद राज्य में 6600 मेगावाट की पांच परियोजनाएं-ओबरा-सी(1320 मेगावाट), जवाहरपुर सुपर थर्मल-पॉवर स्टेशन (1320 मेगावाट), घाटमपुर थर्मल-पॉवर स्टेशन (1980 मेगावाट), मेजा थर्मल-पॉवर स्टेशन (1320 मेगावाट) और पनकी थर्मल-पॉवर स्टेशन (660 मेगावाट) निर्माणाधीन हैं। यही नहीं, जुलाई 2014 में इलाहाबाद जिले में करछना थर्मल-पावर स्टेशन को स्वीकृति मिली थी जिसकी अनुमानित क्षमता 1320 मेगावाट थी। अभी तक इस पावर-प्लांट का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। 'ओबरा-डी थर्मल-पावर परियोजना' वर्ष 2027 में बिजली उत्पादन शुरू करेगी।

रिजर्व बैंक ने 2022-23 में मुद्रा एवं वित्त पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें जलवायु से संबंधित अनेक आयामों को शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि अगर भारत को 2070 तक कार्बन के शून्य लक्ष्य को हासिल करना है तो एनर्जी मिक्सिंग का दौर तेजी से लाना होगा, किन्तु कोयला आधारित नए बिजली संयंत्रों का निर्माण शुरू करने से 'रिन्यूएबल ऊर्जा' लक्ष्यों की प्राप्ति में और विलम्ब होगा। यह 'रिन्यूएबल उद्योग' के विकास को भी खतरे में डाल देगा।

देश में 2022-23 में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 8.87त्न की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 के लिए बिजली उत्पादन का लक्ष्य 1750 अरब यूनिट तय किया गया था, जिसमें से 75 फीसदी से अधिक थर्मल स्त्रोतों, मुख्य रूप से कोयले से होने की उम्मीद है। ऐसे में भारत में बिजली के लिए कोयले पर निर्भरता कम कैसे हो सकती है?

उत्तरप्रदेश की बिजली उत्पादन की बात करें तो अप्रैल 2023 में 'टाइम्स ऑफ़ इण्डिया' में छपे लेख के अनुसार उत्तरप्रदेश सरकार ने दावा किया है कि राज्य के स्वामित्व वाले थर्मल-पावर प्लांट 39,691 यूनिट का उत्पादन करने में कामयाब रहे हैं जो अब तक का सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन का रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, राज्य के स्वामित्व वाले बिजली संयंत्रों जैसे अनपरा ओबरा, पारीछा और हरदुआगंज थर्मल परियोजनाओं ने कुल 3,969.10 करोड़ यूनिट बिजली पैदा की जो 2021-22 में 3502.20 करोड़ यूनिट के कुल सकल बिजली उत्पादन से 13.33त्न अधिक है।

राज्य के बिजली संयंत्रों ने 76.44फीसदी 'प्लांट लोड फैक्टर' (पीएलएफ- औसत लोड और पीक लोड का अंश) पर काम किया है। यह 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में क्रमशः 68.80फीसदी, 69.71फीसदी और 71.82फीसदी से अधिक था। अकेले अनपरा थर्मल-पावर स्टेशन की इकाइयों ने रिकॉर्ड 95.75फीसदी वार्षिक 'पीएलएफ' पर बिजली का उत्पादन किया। इस इकाई ने 838.80 करोड़ यूनिट का अब तक का सबसे अधिक सकल विद्युत उत्पादन किया।

ओबरा जैसे कई पावर-प्लांट हैं जिनकी वजह से उस क्षेत्र की जमीन, वहां रहने वाले जीव-जंतु और समुदाय को सामाजिक और पर्यावरणीय नुकसान का सामना करना पड़ा है। थर्मल-पावर प्लांट से निकलने वाली राख हवा में घुलकर लोगों व जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य, जल-स्त्रोत, फसल को हानि पहुंचाती है। लोकहित और पर्यावरण सरंक्षण की दृष्टि से ओबरा-डी थर्मल-पावर प्लांट पर किसी भी वित्तीय संस्था/बैंक द्वारा अपना पैसा नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करना जनता के साथ विकास के नाम पर खिलवाड़ करना होगा।

***(लेखिका 'सेंटर फॉर फायनेंशियल अकाउन्टेबिलिटी' की शोधार्थी हैं।)***

## आजादी के इंतजार में आधी आबादी

■ कविता त्रिवेदी

देश स्वतंत्रता प्राप्ति की 76वीं वर्षगांठ मनाया है। हमने अपना 'अमृत महोत्सव' भी मना लिया। 'विश्व गुरु' होने को लालायित हम हर क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर छलांग लगाने की लालसा भी है, लेकिन 'यूनाइटेड नेशंस डेवलेपमेंट प्रोग्राम' (यूएनडीपी) के 'जेंडर सोशल इंडेक्स' की ताजा रिपोर्ट कुछ और बताती है। 'यूएनडीपी' ने चार आयामों :राजनीतिक, शैक्षिक, आर्थिक और भौतिक अखंडता में महिलाओं के प्रति लोगों के नज़रिये को ट्रैक किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 90फीसदी लोग अभी भी महिलाओं के खिलाफ कम-से-कम एक पूर्वाग्रह रखते हैं। दूसरे देशों की तुलना में भारतीय महिलाओं के लिए यह कहीं ज्यादा है। यहां राजनीतिक पूर्वाग्रह 68.9 प्रतिशत, शैक्षणिक 38.5 प्रतिशत, आर्थिक 75.1 प्रतिशत और भौतिक अखंडता पर पूर्वाग्रह 92.4 प्रतिशत है।

'यूएनडीपी' की रिपोर्ट को मैदानी अनुभवों से जोड़कर देखें तो तीन महीने से जातीय हिंसा की आग में जलकर खाक हो रहा उत्तर-पूर्व का राज्य मणिपुर दिखाई देता है। वहां की राज्यपाल महामहिम अनुसुइया उइके ने भी स्वीकार किया है कि ऐसी हिंसा उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं देखी। इस जातिगत हिंसा का शिकार कौन बना? दोनों ओर की महिलाएं ही? वे न आतंकवादी थीं, न राष्ट्रवाद विरोधी और न ही खूनी या डकैत। वे किसी की मां, बहन एवं बेटी थीं। एक कारगिल के जवान की पत्नी थीं, तो एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी थीं। ऐसी कई बहन-बेटियां मारी गईं या जला दी गईं। कैसे और किसने? उसी समुदायों के पुरुषों ने जिन्होंने यह मान रखा है कि किसी भी महिला पर अत्याचार करना उनका जन्मजात हक़ है और ऐसा करने में उन्हें न कोई शर्म है, न समाज, शासन, प्रशासन का कोई भय।

> **भारतीय समाज में अभी भी यह अवधारणा है कि समाज पुरुषों से चलता है। लड़की का होना ही एक बोझ माना जाता है। उसके जन्म होने के पहले ही उसे खत्म करने की साज़िश शुरू हो जाती है और पैदा हो जाए तो बचपन से अधिकतर परिवारों में वे लड़की होने के अपराध बोध से ग्रस्त रहती हैं। यह मानकर चला जाता है कि वह पराया धन है।**

भारतीय महिलाओं की समाज में उल्लेखनीय भूमिका है। हर वर्ग की स्त्रियां अपने शारीरिक,सामाजिक, व्यावहारिक एवं आर्थिक योगदान से समाज को, परिवार को, देश को परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सहायता प्रदान कर रही हैं। बावजूद इसके कश्मीर से कन्याकुमारी हो, या राजस्थान से मणिपुर, महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न एवं अत्याचारों की संख्या 'ट्रिलियन डालर इकानामी' की तरह बढ़ती ही जा रही है और इस मामले में कोई भी वर्ग अछूता नहीं है।

भारतीय समाज में अभी भी यह अवधारणा है कि समाज पुरुषों से चलता है। लड़की का होना ही एक बोझ माना जाता है। उसके जन्म होने के पहले ही उसे खत्म करने की साज़िश शुरू हो जाती है और पैदा हो जाए तो बचपन से अधिकतर परिवारों में वे लड़की होने के अपराध बोध से ग्रस्त रहती हैं। यह मानकर चला जाता है कि वह पराया धन है। दान दहेज दे, एक सुखी जीवन देने की आस में लड़कियों के परिवार के माता-पिता विवाह कर भार मुक्त हो जाते हैं, लेकिन शादी करके अपने पति के घर गई लड़की वैचारिक तौर पर परिवार के हर व्यक्ति से समझौता करती है। उसे यह शिक्षा दी जाती है कि वह निभाना एवं निभना सीखे। वहीं पारिवारिक संप्रभुता का वर्चस्व किसी भी महिला के साथ होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक उत्पीड़न का कारण बनता है। बलात जबरदस्ती, दहेज़ प्रताड़ना, गाली देना, भूखे रखना, शराब पीकर महिलाओं को मारना, अपहरण हो लापता होना-ऐसे अनेक मामले हैं जिसने देश में महिलाओं का जीना दूभर किया हुआ है।

आज देश में महिलाओं का कार्य क्षेत्र बढ़ा है। वे हर मोर्चे पर आत्मविश्वास से काम कर रही हैं, लेकिन उनका प्रतिशत काफी कम है। उपयुक्त वातावरण का न मिल पाना उन्हें घर बैठने को मजबूर कर देता है। महिलाओं एवं लड़कियों के प्रति बढ़ रहे दुराचारों के मामले में बढ़ोतरी चिंता का विषय तो है। एक भययुक्त वातावरण में देश की महिलाएं जीने को मजबूर हैं, चाहे वे कितने ही उच्च पद पर आसीन क्यों न हो। राजनीति का क्षेत्र देश का सबसे मुखर क्षेत्र है। कहने-सुनने की आज़ादी एक प्रजातांत्रिक देश होने के कारण सबको मिलती है। उसमें भी सरपंच महिला हो या जनपद अध्यक्ष, यहां तक कि महिला पार्षद तक का प्रतिनिधित्व उनके पति करते हैं, न कि निर्वाचित महिलाएं। वर्तमान में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 14.4 प्रतिशत है जो महिलाओं की संख्या की तुलना में बहुत कम है।

आर्थिक स्वावलंबन के लिहाज से देश की 60 प्रतिशत महिलाएं खेती जैसे असंगठित क्षेत्रों से जुड़ी हैं, दिहाड़ी पर काम करती हैं एवं उन्हें स्थायी कार्य का अवसर ही नहीं मिलता। ऐसी ही स्थिति शहरी क्षेत्रों में है जहां गांवों से पलायन कर रोजी-रोटी की तलाश में अपने परिवारों के साथ आई महिलाएं हैं जिनमें घरों में काम करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है। वे स्वीकार करती हैं कि पति अच्छे आचरण वाला हो तो ठीक, वरना प्राप्त पैसा भी बेकार हो जाता है। यही नहीं वे घर के लिए कोई चीजें खरीदें तो वे कम कीमत बताती हैं, क्योंकि वह घर परिवार में कलह एवं विवाद का कारण बन सकता है। देश में पुरुषों के मुकाबले कामकाजी महिलाओं की हिस्सेदारी 84 प्रतिशत के मुकाबले मात्र 24 प्रतिशत है, जो बांग्लादेश एवं नेपाल से भी कम है।

शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा खानपान जरूरी है, लेकिन अधिकतर घरों में पुरुषों को भोजन कराने के बाद ही महिलाओं के खाने की परम्परा है। सीमित भोजन का पकना भी महिलाओं को पूर्ण आहार नहीं दे पाता। कमोबेश वही स्थिति घर की लड़की की भी होती है। अधिकतर महिलाएं एवं लड़कियां कुपोषण का शिकार होती हैं। यह स्थिति गांवों से ज्यादा शहरों में है। यही कारण है कि स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा इंडेक्स में भारत 150 वें नंबर पर है।

आजादी के 76 सालों में, माना कि महिलाओं की स्थिति में बहुत बदलाव आया है, लेकिन आबादी का आधा हिस्सा होने के बाद भी वे उस वैचारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं स्वयं निर्णय लेने की प्रक्रिया में काफी हद तक नीचे और सामान्यत: वंचित हैं। आकांक्षा, इच्छा एवं कुछ कर गुजरने की चाहत हर महिला अपने मन में संजोए रहती है, लेकिन कम ही उस मुकाम तक पहुंच पाती हैं। जहां आबादी का आधा हिस्सा महिलाएं हों और वे हर स्तर पर प्रताड़ित हों तो सबसे बड़ी जरूरत है, सरकार हर स्तर पर महिलाओं को आगे लाए। समाज में व्याप्त असुरक्षा एवं भय के वातावरण से उन्हें मुक्ति मिले। आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से संपन्न महिलाएं ही देश की तस्वीर बदल सकती हैं। वह तभी हो पाएगा, जब देश की महिलाओं को भी आजादी मिले।

***(लेखिका सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं।)***

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### न्याय मंच के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज जिला बनाने की मांग सहित क्षेत्र की अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों व न्याय मंच के कार्यकताओं ने तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार संजय नागवंशी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सिरोंज जिले की मांग वर्षो से की जा रही है परंतु आज तक सिरोंज जिला नहीं बनाया गया और सन् 1956 के पूर्व भी सिरोंज जिला था क्योंकि सिरोंज-लटेरी की दूरी जिले से 125 किलोमीटर पर है। जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही पीएम आवास योजना के तहत जमा हुए आवेदनों का भी आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ उनकी शीघ्र डीपीआर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना से वंचित रह गये लोगों को योजना का लाभ सर्वे कर दिलाने की मांग की। इस दौरान भानू प्रताप सिंह, आषीष यादव, उजागर सिंह यादव, असद जिलानी, जफर खांन, राधेश्याम यादव, असलम, समीर आदि बड़ी संख्या में न्याय मंच के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में गूंजे देशभक्ति के स्वर



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** देश-विदेश में नागरी लिपि का प्रचार प्रसार करने वाली एकमात्र संस्था नागरी लिपि परिषद के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस पर आभासी अंतर्राष्ट्रीय बहुभाषी कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नागरी लिपि परिषद के महामंत्री और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. हरिसिंह पाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल विश्व हिन्दी समिति टोरंटो कनाडा के अध्यक्ष गोपाल बघेल - मधु, केलीफोर्निया, अमेरिका की हिन्दी प्राध्यापिका प्रो. नीलू गुप्ता, ओस्लो, नार्वे से प्रकाशित स्पाइल दर्पण के संपादक सुरेश चन्द्र शुक्ला, विशिष्ट अतिथि संयुक्त अरब अमीरात दुबई की आरती गोयल लोकश ने सहभागिता स्वागत भाषण सम्मेलन के संयोजक एवं कर्नाटक हिन्दी शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील परीट ने किया। इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन मे मध्यप्रदेश से सैयद शफाकत हुसैन भी शामिल हुए।

मताधिकार का उपयोग करने किया जा रहा जागरूक

# मतदान केन्द्रों पर बताई जा रही ईवीएम, वीवीपेट से वोट डालने की प्रक्रिया



**रायसेन, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाता सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे के निर्देशानुसार जिले में मतदान केन्द्रों, सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप रायसेन के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 69-बारला, 74-माखनी, 77-अमरावत सहित अनेक मतदान केन्द्रों पर ईवीएम, वीवीपैट का मतदाताओं के समक्ष में प्रदर्शन करते हुए वोट डालने की प्रक्रिया बताई गई। साथ ही मतदाताओं को विशेष रूप से महिला मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान दिवस को अनिवार्य रूप से मतदान केन्द्र जाकर बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## मतदाता जागरूकता: एलबीएस कॉलेज में हुई मेहंदी प्रतियोगिता



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदाताओं को जागरूकता का संदेश देने एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन में मत प्रतिशत बढ़ाने तथा नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हुई मेहंदी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मधु अहिरवार ने प्रथम स्थान, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कामना कुशवाहा ने द्वितीय स्थान तथा एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महक साजिद जिलानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वीप गतिविधियों का आयोजन प्रो. साधना कुमारी झा एवं प्रो. संघप्रिय गौतम की देखरेख में संपन्न हो रहा है। मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न कराने में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आर के तिवारी, डॉ. आरके वाखला, अनामिका ठाकुर,महेश भाबोर, रितु बघेल, दीपक सोलंकी, रूबी ताम्रकार,महेश चंद्र परमार,निधि मशीह, चमका गेहलोद,रजनी चौहान कल्पना पंचोली, भगवत सिंह पाल, संजय वर्मा, शिव कुमार यादव, अभिषेक चौहान, विभा श्रीवास्तव, पूजा मिश्रा, किरण बंसीवाल, क्रांति चौधरी, दीप्ति शर्मा, वर्षा पटेल का विशेष योगदान रहा। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई तथा बहु संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। जन भागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से निश्चित रूप से मतदाताओं में जागरूकता आती है और वे मतदान के महत्व को भली भांति समझ पाते हैं।

# लाड़ली बहना सेना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने करेगी महिलाओं को प्रेरित



**रायसेन, देशबन्धु।** औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत के सभाकक्ष में गौहरगंज तहसील की लाड़ली बहना सेना का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा लाडली बहना सेना के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों को शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही मतदाता सूची में छूटी हुई महिलाओं के नाम जोडने हेतु दिनांक 19 अगस्त से 22 अगस्त 2023 तक स्वीप अभियान चलाकर समस्त महिलाओं के नाम जुडवाने हेतु प्रेरित करने लिए कहा गया।

बैठक सह प्रशिक्षण में लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थितों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना औबेदुल्लागंज, महिला एवं बाल विकास की समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## अटल पेंशन योजना के तहत हुआ कार्यक्रम

**रायसेन, देशबन्धु।** पेंशन फण्ड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति मध्यप्रदेश द्वारा अटल पेंशन योजना आउटरीच कार्यक्रम जिले के लिए आयोजित किया गया। आउटरीच कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भास्कर लक्षकार आईएएस आयुक्त संस्थागत वित्त मध्य प्रदेश शासन के साथ जिला पंचायत सीईओ रायसेन अंजू पवन भदौरिया, तरसेम सिंह जीरा महाप्रबन्धक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं संयोजक एसएलबीसी, प्रियंका गुप्ता उप महाप्रबन्धक पीएफआरडीए, बिनोद कुमार उप प्रबन्ध संचालक भारतीय स्टेट बैंक, उमर जावेद महाप्रबंधक नाबार्ड, सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, पीएसयू और प्राइवेट बैंकों के 250 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। संस्थागत वित्त आयुक्त भास्कर लक्षकार ने अपने उद्बोधन में इस योजना के लाभ के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सम्पूर्ण देश में अटल पेंशन योजना में जुड़ने वाले व्यक्तियों की संख्या 5.50 करोड़ को पार कर चुकी है और हमें इस योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है।

## सिरोंज थाना प्रभारी बने भोपाल से स्थानांतरित होकर आये संदीप कुमार, संभाला कार्यभार



**सिरोंज, देशबन्धु।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला के आदेश से जिले के अलग-अलग 9 नगर निरीक्षकों के स्थानांतरण सूची शुक्रवार दोपहर जारी की गई। गत दिनों पुलिस मुख्यालय भोपाल से निकली स्थानांतरण सूची में भोपाल से स्थानांतरित होकर आये संदीप कुमार पंवार को सिरोंज की थाना प्रभारी के लिए प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से आगामी आदेश तक स्थानांतरित किया गया है। शुक्रवार शाम को नवागत नगर निरीक्षक संदीप कुमार पंवार ने थाने पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है। गौरतलब हो कि गत कुछ माह पूर्व उत्कृष्ट रोड स्थित पुलिस कॉलोनी से तीन मोटर साईकिल पुलिस अधिकारी व पुलिस जवानों की चोरी चली गई थी और गत कुछ माह से क्षेत्र में तहसील प्रांगण सहित अन्य स्थानों से मोटर साईकिल चोरी की कई घटनाएं घटित हुई थी। जिससे क्षेत्र के लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति काफी नाराजगी थी। जिससे तत्कालीन थाना प्रभारी के कार्यकाल में पुलिस स्टॉफ सहित अन्य लोगों के वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश न लगने से अधिकारी भी नाराज थे। यह स्थानांतरण भी उसी से जोड़कर देखा जा रहा था।

# विश्राम गृह के समीप नपा परिषद ने यात्रियों को बैठने कुर्सियां और बैंच रखवाई

▸ फीता काटकर किया शुभारंभ



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा विश्राम गृह के समीप यात्रियों, नागरिकों को बैठने के लिए सीमेंट कंक्रीट से निर्मित बैंच कुर्सियां रखवा दी गई हैं। एक सादे समारोह के दौरान फीता काटकर इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे भी मौजूद रहे जिन्होंने नगर पालिका के कार्यकाल की प्रशंसा की और सभी पार्षदों को बधाइयां दी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूर्व में विश्राम गृह के समीप टीन शेड के नीचे स्टील की कुर्सियां, ब्रेंच रखवाई गई थी जिन्हें असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था। करीब 2 सालों से टीन शेड के नीचे बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी और वार्ड 4 के पार्षद राहुल ठाकुर ने नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव यादव से उक्त स्थान पर कुर्सियां बैंच रखवाए जाने की मांग की थी। शुक्रवार के दिन वरिष्ठ भाजपा नेत्री रीता भावसार, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, पूर्व पार्षद रोहित भावसार, समीर किरमानी के अलावा पार्षद गण सुनील साहू, शिवम रघुवंशी, पिंकू शर्मा के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कुर्सियां बैंच लगवाई गई और फीता काटकर इन का शुभारंभ किया गया। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि पाराशरी पुल पर जहां हमारा बासौदा का बोर्ड लगा है उसके आसपास भी चार सीमेंट कंक्रीट से बनी कुर्सियां ब्रेंच लगवाई जा रही है। इसके अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी यात्रियों नागरिकों के बैठने की व्यवस्था करवाई जाएगी। जिसके लिए पार्षदों द्वारा बताए गए स्थान को चिन्हित कर जन सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी।इसी दौरान नगर पालिका परिषद के कर्मचारी वरुण चौबे का जन्म दिवस भी मनाया गया। इस दौरान उन्हें फूल माला पहनाई गई और केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार 4 आरोपियों को 48 घंटे में मय हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** देवगढ थाना पुलिस ने 48 घंटे में हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर के निर्देशन में देवगढ़ थाना प्रभारी अरुण सिंह कुशवाह को मुखबिर से सूचना मिली छिनवरा गांव में 48 घंटे पूर्व हुए विवाद के फरार चार आरोपी छिनवरा गांव की नहर की पुलिया के पास अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं। थाना प्रभारी ने मुखबिर की सूचना से टीम के साथ छिनवरा नहर की पुलिया पर जाकर देखा तो हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे चारों आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम नारायण बघेल, मंगल बघेल, पूरन बघेल, वैजनाथ बघेल बताया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अधिया बंदूक भी जप्त की है।

## पुरानी रंजिश पर कुल्हाड़ी से हमला, 4 लोग घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के सबलगढ़ थाना अंतर्गत रामपुर रोड संजय नगर वार्ड में 16 अगस्त की शाम पुरानी रंजिश के चलते तीन आरोपियों ने एक परिवार के लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि श्रीमती मिथिलेश पत्नी मनोज 40 वर्ष निवासी रामपुर रोड संजय नगर 16 अगस्त की शाम घर के सामने घर के 3 सदस्यों के साथ बैठी हुई थी, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी जितेंद्र जोशी, नवल किशोर जोशी, भावना जोशी ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी एवं कुल्हाड़ी से प्रहार किए, जिससे फरियादी सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## दलित युवक से मारपीट कर दी धमकी, 2 आरोपियों पर मामला दर्ज

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के कैलारस थाना अंतर्गत पुराना बस स्टैंड पर गुरुवार की शाम दो दबंग आरोपियों ने एक दलित युवक की मारपीट पर जातिसूचक गालियां दी। पुलिस ने एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि फरियादी अरुण पुत्र विष्णु शाक्य 25 वर्ष गुरुवार की शाम पुराना बस स्टैंड कैलारस से गुजर रहा था, तभी आरोपी संदीप सिंह सिकरवार एवं एक अन्य ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की तथा धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर से एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के टेंटरा थाना क्षेत्र में 15 अगस्त के दिन एक नाबालिक को बाइक पर बिठाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि आरोपी 15 अगस्त के दिन सुबह 8 बजे गांव से एक नाबालिक को जबरन मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसे छोड?र भाग गया, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने 16 अगस्त को आरोपी को वीरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।

## 24 घंटे में 18.3 मिमी बारिश दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 18 अगस्त 2023 तक 780.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 249.3 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 18 अगस्त 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 514 मिलीमीटर, गैरतगंज में 910.2, बेगमगंज में 909.4, सिलवानी में 685.4, गौहरगंज में 545, बरेली में 1017.8, उदयपुरा में 988.5, बा?ी में 679.5, सुल्तानपुर में 603.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 948 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 18 अगस्त 2023 को प्रात: 08 बजे तक 18.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

# स्नेह यात्रा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

▸ संकीर्तन प्रवचन, रक्षा सूत्र बंधन के कार्यक्रम हुए



**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग को धर्म से जोड़ने एवं सामाजिक सद्भाव की स्थापना के लिए प्रदेश के साथ ही जिले में भी 16 अगस्त से स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। जिले में यात्रा के तृतीय दिवस शुक्रवार को गैरतगंज विकासखण्ड के ग्राम आमापानी से स्नेह यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में स्वामिनी तत्वप्रियानंदा सरस्वती एवं श्रुति बहन पेटलाद गुजरात का ग्राम समिति संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं तथा स्वैच्छिक संगठनों समेत ग्रामीणों द्वारा रंगोलियां बनाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। स्नेह यात्रा गांव-गांव में पहुंचकर संकीर्तन प्रवचन, रक्षा सूत्र बंधन के कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रही है। स्नेह यात्रा के आमापानी ग्राम में प्रवेश के दौरान कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात पंचायत भवन परिसर में स्वामिनी तत्वप्रियानंदा सरस्वती द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय समाज की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के हाथ में धर्म की बागडोर है। हम सभी को मिलकर अपने समाज में सदैव एकता बनाकर रखनी है। हम सभी के भीतर एक ही ईश्वर विराजमान हैं। ईश्वर कभी अपने संतानों में भेद नहीं करता है और हम सब को भी समाज में एक दूसरे के बीच समानता के भाव को जाग्रत कर धर्म की रक्षा के लिए समाज की रक्षा के लिए एक होना है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत ने भी जनसमूह को संबोधित कर स्नेह यात्रा के बारे में विस्तार से अवगत कराया। स्नेह यात्रा के ग्राम भ्रमण के दौरान नागरिकों को रक्षासूत्र भी बांधे गए।

स्नेह यात्रा का ग्राम पेनगॅवा, बेलनागढ़ी, खामखेड़ा, वण्डोतली में भव्य स्वागत किया गया। ग्राम वण्डोतली में संकीर्तन, भजन एवं सहभोज कार्यक्रम किया गया जिसमे साधु, संतो सहित यात्रा में सम्मिलित जनों ने सहभोज में भाग लिया। द्वितीय खण्ड में यात्रा सिंगपुर, भानपुरगंज, रसीदपुर होते हुए पटी मानकचौक पहुंची। यहां सतसंग, भजन एवं भोज उपरांत रात्रि विश्राम होगा। स्नेह यात्रा में साधु संत, सभी वर्गो के वरिष्ठजन, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयककल्याण सिंह राजपूत, विकासखण्ड समन्वयक दीपचंद मालवीय, प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, स्वैच्छिक संगठन, सीएमसीएलडीपी मेंटर्स, छात्रों की सहभागिता रही। स्नेह यात्रा 19 अगस्त को बेगमगंज विकासखण्ड क ग्राम गेहूॅरास से प्रारंभ होगी।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### ओलम्पियाड परीक्षा में आराध्या चयनित



**बैतूल, देशबन्धु।** ओलम्पियाड परीक्षा में हर ब्लॉक से 15 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए हुआ है। भैंसदेही ब्लॉक से एकमात्र विद्यार्थी आराध्या मिलिंद निनावे का ओलम्पियाड परीक्षा के लिए चयनित हुई है। आराध्या की इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त है। जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल डीपीसी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा दूसरी से 8वीं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर जांचने के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन जिला स्तर पर किया गया था। जिसका रिजल्ट 9 अगस्त को घोषित किया गया। प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 से 5 तक अंग्रेजी विषय एवं कक्षा 6वीं से 8वीं तक हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं प्रश्न मंच की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के कक्षा दूसरी से 5वीं तक के 6281 एवं कक्षा 6वीं से 8वीं के 8741 इस प्रकार कुल 15022 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे।

### जमकर हो रही अवैध शराब की बिक्री



**मुलताई,देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी कहीं जाने वाली मुलताई में इन दिनों अवैध शराब की बिक्री दिन में ही हो रही है। गुरुवार को कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय भी नगर में जमकर जुआ, सट्टा और अवैध शराब बिक्री की शिकायत की थी। बावजूद इसके शुक्रवार अवैध शराब बेचने वाले दिन में नगर की सड़कों पर बोलेरो वाहन में शराब लेकर बेखौफ घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराते हुए नजर आए। मुलताई नगर के पटेल वार्ड और आजाद वार्ड में शराब बेचने वालों तक घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसका फोटो और विडियो वायरल हो रहा है। यह सब खेल विगत कई दिनों से लगातार यूं ही चलते आ रहा है। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में इस अवैध व्यापार का उल्लेख होने के बाद प्रशासन की ओर से जल्द कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई थी।

### कावड़ यात्रा का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** पूर्व विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा विगत चार वर्षो से क्षेत्र की सुख सम्रद्धि व विकास हेतु कावड़ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी सावन माह सातवे सोमवार नाग पंचमी के शुभ व दुर्लभ संयोग के दिन पांचवी हर हर महादेव कावड़ यात्रा हँडिया में मां नर्मदा के पावन तट से नर्मदा जल लेकर अपने साथियो के साथ हरदा के प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर मे भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे।

# कलेक्टर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में देखीं शैक्षणिक व्यवस्था

**भीमपुर में अस्पताल का किया निरीक्षण**

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने शुक्रवार को जिले के भीमपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां स्कूलों, स्वास्थ्य संस्था, आंगनबड़ी केन्द्र एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैदानी शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम कलेक्टर ने तहसील कार्यालय भीमपुर का निरीक्षण किया। तदुपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर वहां एएनसी एवं पीएनसी वार्ड में भर्ती महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शिशु स्वास्थ्य वार्ड का भी अवलोकन किया। एनआरसी में दाखिल बच्चों की व्यवस्था भी कलेक्टर ने देखी। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम कक्ष का निर्माण पूर्ण नहीं होने पर लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। भीमपुर के सीएम राईज स्कूल एवं महदपुर के हाई स्कूल में पहुंचकर वहां शैक्षणिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों को प?ाया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को विषयों की बुनियादी प?ाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने आदिवासी छात्रावास महदपुर का भी निरीक्षण किया एवं यहां आंगनवा?ी केन्द्र भी देखा। यहां आंगनवा?ी केन्द्र के समीप आबादी भूमि पर फसल



पाए जाने पर निर्देशित किया कि आबादी भूमि पर इस तरह के कार्य न हो। इस दौरान उन्होंने मनरेगा अंतर्गत निर्मित भंडारण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। ग्राम चिमईपुर के ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या रखे जाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्या का निराकरण किए जाने निर्देश दिए। ग्राम पालंगा में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं उनके समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया।

### बैतूल, भीमपुर और आमला विकासखंड की पंचायतों में प्लांट क्लीनिक होंगे आयोजित

**बैतूल, देशबन्धु।** खरीफ बुआई के पश्चात किसानों को खरपतवार नियंत्रण के उपाय, कीट एवं रोगों के लक्षण निदान, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह देने जैविक खाद/उर्वरक का उपयोग, कुटकी फसल की बुआई हेतु तकनीकी जानकारी देने, फसल विविधीकरण की उपयोगिता, कृषकों को एमपी किसान एप पर रजिस्टेªशन करवाने एवं पशु पालन विभाग के योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले के बैतूल, भीमपुर एवं आमला की क्लस्टर पंचायतों में 19 अगस्त को प्लांट क्लीनिक आयोजित किए जाएंगे। इन प्लांट क्लीनिक में कृषकों को कृषि संबंधित समसामयिक सलाह दी जाएगी।

# दिन में जल रही स्ट्रीट लाईट, बिजली बिल 3 लाख के पार

**नगर परिषद घोड़ाडोंगरी में लापरवाही का आलम**





**सारनी, देशबन्धु।** नगर परिषद घोड़ाडोगरी में लापरवाही देखिए की रात के अंधेरे में स्ट्रीट लाइट बंद रहती है और दिन के उजाले में स्ट्रीट लाइट जलती है। सबसे बड़ी बात है कि नगर परिषद का बिजली बिल हर माह 3 लाख के पर आ रहा है फिर भी जिम्मेदार इसकी सुध नहीं ले रहे है। पिछले 5 दिनों से घोड़ाडोगरी के वार्ड क्रमांक 5 में लगातार स्ट्रीट लाइट जल रही है लेकिन नगर परिषद के कर्मचारियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

बताया जा रहा है कि जहां दोपहर 2 बजे भी बिजली के खंभों में स्ट्रीट लाइट जल रहे है इस तरह दिन के उजाले में स्ट्रीट लाइट जलते देख नगर के जागरूक नागरिकों ने सवाल भी उठाए है क्योंकि रात के अंधेरे में सारनी बरेठा मुख्य सड़क पूरी तरह अंधेरे में डूबी रहती है। जिससे रात 8 बजे के बाद मुख्य सड़क सुनसान नजर आती है और वही दूसरी तरफ वार्ड क्रमांक 5 में दिन के उजाले में इस तरह स्ट्रीट लाइट का जलना कही न कही लापरवाही दर्शाती है। बिजली के व्यर्थ जलने से नगर परिषद घोड़ाडोंगरी में बिजली बिल प्रति माह 3 लाख से ऊपर का आ रहा है जो जनता से टेक्स के रूप में लिया जा रहा है।

# सेवानिवृत शिक्षक पर दंबगई का आरोप, थाने में की शिकायत

**जबरदस्ती खाना मांगने और दूध भी ले जाने की शिकायत**

**बैतूल, देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास खंजनपुर की वार्डन एवं स्टाफ ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक पर दबंगई का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत थाना कोतवाली, अजाक थाना सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर की है। छात्रावास के सहायक वार्डन आत्माराम धुर्वे ने शिकायत में कहा है कि उन्हें छात्रावास में 24 घंटे उपस्थित रहकर सेवाएं देना पड़ता है। विगत 9 अगस्त को अनावेदक गोठी कॉलोनी कोठी बाजार निवासी सेवानिवृत शिक्षक ओमप्रकाश भावसार रात्रि लगभग 8 बजे छात्रावास आए आवश्यक कार्य है बोलकर गेट खुलवाकर खाना खिलाने के लिए कहा। मना करने पर गालियां देने लगे। छात्रावास में उपस्थित चौकीदार मनोज कुमरे, रसोईया वंदना कुमरे, मीना नागले, प्रमिला बोरखडे ने समझाने का प्रयास किया तो अनावेदक ने धमकियां, जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की। रसोईया ने बीच बचाओ किया तो उनके साथ भी अभद्रता की। छात्रावास के बच्चों ने भी बीच बचाव किया उन्हें भी अनावेदक ने चाटे मार दिए। जाते -जाते झूठी शिकायत करने की धमकी दी। इस घटना से छात्रावास में भय व्याप्त हो गया है। सहायक वार्डन का कहना है कि भय के कारण अपनी सेवाएं सही तरीके से नहीं दे पा रहा हूं। अनावेदक की छात्रावास में यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी इसी प्रकार की धमकिया देकर परेशान करते आ रहा है।

### परिहार युवा कांग्रेस जिला महासचिव नियुक्त

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सक्रिय कांग्रेस नेता अजेंद्र सिंह परिहार (राबिन) को युवा कांग्रेस जिला महासचिव नियुक्त किया गया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंबरदीप बुनकर ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीव्ही श्रीनिवास, प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की सहमति से जिला कार्यकारिणी में परिहार को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। अजेंद्र परिहार को जिम्मेदारी मिलते ही उनके समर्थकों में भारी उत्साह दिखाई दिया और उनके सभी शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### जल्द होगा अनावरण कार्यक्रम

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मंगलवार बाजार में लगने वाली छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा अनावरण के लिए करीब 8 माह से इंतजार किया जा रहा था। गुरुवार प्रतिमा स्थापना के लिए बनाए गए पेडस्टल पर मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति स्थापित होते ही छत्रपति शिवाजी महाराज के अनुयायियों ने हर्ष जताया। अब इसके सौंदरीकरण का कार्य अंतिम चरणो में है, कुछ ही दिनों में प्रतिमा अनावरण के लिए तैयार होगी। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट करने वाले समाजसेवी लोकेश गीदकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा मंगलवार बाजार में प्रतिमा स्थापना हेतु विधायक निधि से स्वीकृत पेडस्टल बनकर तैयार हो चुका है। जिस पर उनके द्वारा भेंट की गई प्रतिमा भी लगवा दी गई है। कुछ ही दिनों में प्रतिमा अनावरण का भव्य कार्यक्रम नगर में आयोजित किया जाएगा।

# आग से कृषि सामग्री और 4 मवेशी जले



**मुलताई, देशबन्धु।** बारिश के मौसम में ग्राम महतपुर में दो किसानों के मकान के पास मवेशियों के लिए बनाए स्थान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ भी बचाया जाना संभव नहीं था। इस आगजनी में दो भैंस दो गाय की जलने से मौत हो गई जबकि कुछ मवेशी रस्सी तोड़कर भाग गए इसलिए उनकी जान बच सकी। आग से भूसा, लकड़ी और कृषि सामग्री भी जलकर राख हो गई। महतपुर से रामभरोस रघुवंशी ने बताया कि ग्राम के हाय हाई सेकेंडरी स्कूल के पास भागवत रघुवंशी एवं संतोष रघुवंशी दोनों भाइयों एवं कमलाबाई गायकी ने अपने मकान के साथ मवेशी और कृषि सामग्री रखने के लिए घर बना रखे हैं जिसमें बीती रात लगभग दो से तीन बजे अचानक आग लग गई। आग बहुत भीषण थी। पास के मकान में निवास करने वालों की चिंता बढ़ती जा रही थी। मुलताई नगर पालिका की फायर ब्रिगेड और अमले ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया किंतु तब तक चार मवेशियों की मौत हो चुकी थी और रखी कृषि सामग्री, लकड़ी, भूसा और मवेशियों का चारा जलकर राख हो गया था।

### निधिका और रूद्र खो-खो में संभाग स्तर पर चयनित



**बैतूल, देशबन्धु।** मानसरोवर द स्कूल बैतूल के 2 खिलाडियों निधिका नितेश सोनवाय एवं रूद्र राजा सिसोदिया का खो-खो खेल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर होने वाले प्रतिस्पर्धा के लिए चयन हुआ है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी धर्मेंद्र पवार अवं आयोजनकर्ता क्रीड़ा अधिकारी बलदेव अरोरा ने बताया कि खो-खो की उत्पत्ति भारत में हुई है और यह एक स्वदेशी भारतीय खेल है । संस्था के चेयरमैन डॉ.विनय सिंह चौहान ने कहा कि आज के समय में बच्चों में आउट डोर खेल का प्रचलन कम होने से हमारे परंपारिक खेल जैसे खो-खो, कबड्ी आदि देखने को कम मिलते हैं। डॉ.चौहान ने कहा कि इन खेलों से दूर होने के कारण बच्चों की फिटनेस भी प्रभावित हो रही है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियां



**सारनी, देशबन्धु।** 11 सालों से 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई की राह ताक रहे क्षेत्रवासियों के लिए 24 अगस्त का दिन बेहतर हो सकता है,क्योंकि इस दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस इकाई का भूमिपूजन कर सकते है। इसको लेकर प्रशासन स्तर पर तैयारी भी चल रही है। मुख्यमंत्री चौहान के विद्युत नगरी सारनी में आने पर 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को एकत्रित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संभावना व्यक्ति की जा रही है कि पाथाखेड़ा के विजय स्टेडियम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीपैड हेलीकॉप्टर उतरेगा और बगडोना के हवाई पट्टी पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।मुख्यमंत्री के हेलीपैड पर उतरने के बाद जन आशीर्वाद रथ के माध्यम से विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री का शोभापुर पाथाखेड़ा के विभिन्न वार्डों में रोड शो की भी तैयारी चल रही है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर के माध्यम से रोड मैप तैयार किया गया है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री चौहान मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहकों को चरण पादुका, साड़ी, पानी की बॉटल का वितरण करेंगे। उसके उपरांत बहुप्रतीक्षित 660 मेगावाट की इकाई का भूमि पूजन होगा। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को 11 बजे कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक महकमा बगडोना के हवाई पट्टी पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की मानें तो प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के माध्यम से 24 अगस्त को मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहको को चरण पादुका साड़ी पानी की बोतल का वितरण करने के अलावा सारनी पावर प्लांट का भूमि पूजन करने के बाद मध्यप्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी के ऑपरेशन में रात्रि विश्राम करेंगे साथ ही ब्लॉक की किसी वन ग्राम में रात्रि भोजन का कार्यक्रम करने के बाद 25 अगस्त को भोपाल के लिए रवाना होंगे जिसको लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है।

# बीएससी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में त्रुटी, छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बैतूल, देशबन्धु।** बीएससी तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में त्रुटि होने का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने एनएसयूआई के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी का घेराव कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलपति के नाम प्राचार्य जेएच कॉलेज को ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों ने 4 दिनों के भीतर पुनः परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की है। विद्यार्थियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी की गलती के कारण वह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में विद्यार्थियों ने बताया कि समस्त बीएससी समूह तृतीय वर्ष के नियमित छात्र-छात्राओं ने जयंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा दी थी, जिसका परिणाम 14 अगस्त को घोषित हुआ। घोषित परिणाम से सभी छात्र-छात्राएं असंतुष्ट है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि समस्त बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के परिणाम में उन्हें 0 सहित 1, 2, 3 जैसे अंक दिए गए हैं। घोषित परीक्षा परिणाम में यूनिवर्सिटी द्वारा त्रुटि की गई है क्योंकि प्रत्येक प्रश्न पत्र में पांच अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जिसमें चार या पांच वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर सही है। विद्यार्थियों का कहना है कि बहुत से छात्रों ने पीजी कक्षाओं में अस्थाई प्रवेश ले लिए है या बीएससी के बाद अन्य किसी भी संस्था में प्रवेश लिया जाना है। परीक्षा परिणाम त्रुटि पूर्ण आने के कारण भी प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में स्नातक की डिग्री मांगी जाती है परंतु उनके परिणामों के कारण वे अब परेशानी में पड़ गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई जिला प्रवक्ता नितिन बिस्वास, एनएसयूआई जिला महासचिव रामकुमार नागवंशी, एनएसयूआई जिला सचिव आकाश कुबड़े एनएसयूआई सचिव कुणाल पिपरदे, एनएसयूआई कार्यकर्ता पंकज नागवंशी, सेंटी वाघमारे, पल्लवी बर्थे, निधि धोटे, दीक्षा तायवाड़े एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव: अधिवक्ता प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी, अध्यक्ष के लिए 3 उम्मीदवार



**हरदा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार को निर्धारित समय सीमा में अधिवक्ता प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए नाम वापस लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। निर्वाचन अधिकारी गण अनिल एस बिल्लौरे शैलेंद्र जोशी एवं ओ.पी. मोरछले ने बताया कि उक्त आवेदनों को स्वीकार कर उचित कार्रवाई निष्पादित की गई। अधिवक्ता प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद विभिन्न पदों के लिए शेष बचे अधिवक्ता प्रत्याशियों के नाम की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। इसमें अब अध्यक्ष पद के लिए अमर यादव, रेवा राम पटेल, संजय शांडिल्य, उपाध्यक्ष पद हेतु चंदन सिंह राजपूत, संदीप स्वामी, सचिव पद हेतु सुदीप मिश्रा, उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सह सचिव पद हेतु अजय गोरखे, जगदीश वर्मा , वीरेंद्र मंडलोई, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार कैथवास बंटी, रामचंद्र सोनी, शरद कुमार तिवारी, ग्रंथपाल पद हेतु अकलेश भाटी, ओमप्रकाश गुर्जर, रुपक कुशवाहा चुनाव मैदान में रह गए है।

अनारक्षित सामान्य कार्यकारिणी के चार पद है जिसके लिए अनिल बौरासी, इमरान शाह, गोपाल कृष्ण जगनवार, लखन पटेल, लोकेश डोंगरे, रजत शर्मा प्रत्याशी है। आरक्षित 10 वर्ष से कम कार्य अनुभव कार्यकारिणी सदस्य 3 पद के लिए आनंद चोयल, मन शर्मा, सिद्धार्थ बंसल, उमेश सेजकर प्रत्याशी है। आरक्षित महिला कार्यकारिणी सदस्य 1 पद मंजू दीपक नेमा का सिर्फ एक नाम है। आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य पद तहसील अधिवक्ता संघ टिमरनी हेतु 1 पद शिवम राजपूत, आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य पद तहसील अधिवक्ता संघ खिरकिया हेतु 1 पद कार्तिक राय, आरक्षित महिला कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 1 पद , आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य पद तहसील अधिवक्ता संघ टिमरनी हेतु 1 पद,,आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य पद तहसील अधिवक्ता संघ खिरकिया हेतु 1पद के लिए एक ही नामांकन फार्म आने के कारण इनका मतदान नहीं होगा।

*मेरी माटी मेरा देश अभियान में आयोजित हुए कई कार्यक्रम*

# स्मारक का लोकार्पण, पूर्व सैनिकों का किया सम्मान





**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान 16 से 18 अगस्त के बीच मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आखिरी दिन 18 अगस्त को शिलाफलकम (स्मारक)का लोकार्पण किया गया। नए बस स्टैंड के सामने आयोजित कार्यक्रम में वीर पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत अभियान के पहले दिन 16 अगस्त को पाथाखेड़ा के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम से बाइक रैली का आयोजन किया गया। इसका समापन एक्यूप्रेशर पार्क में हुआ। दूसरे दिन 17 अगस्त को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी से तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया।इसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। रैली का समापन नगर पालिका कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ।आखिरी दिन शुक्रवार 18 अगस्त को शॉपिंग सेंटर,बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला,पुरुषों और बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, पार्षद भीम बहादुर थापा,मीना ददन सिंह, पिंटिश नागले,हरिता शांति पाल,गणेश मस्की, प्रवीण सोनी,योगेश बर्डे, संगीता मनीष धोटे, सरिता मनोज वागद्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### सिंधी समाज द्वारा लगवाए 32 सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण कल

इटारसी, देशबन्धु। पूज्य पंचायत सिंधी समाज ने 32 हाईटैक सीसीटीवी कैमरे लगवाये हैं। इनका लोकार्पण रविवार 20 अगस्त को सुबह 11:30 बजे संत कंवरराम सिंधु भवन में किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विशेष अतिथि कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मानक अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल रहेंगे। पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी ने बताया संभवत: ऐसे हाईटेक कैमरे अभी तक इटारसी शहर में किसी ने नहीं लगवाए हैं।

### सद्भावना दिवस की दिलाई शपथ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।।** जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शुक्रवार को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई। कमिश्नर कार्यालय में अपर आयुक्त आरपी सिंह द्वारा सद्भावना की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त विमलेश पेंड्रो सहित कमिश्नर कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टरेट कार्यालय में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई।

### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांचों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की निर्धारित समय में सभी आवश्यक जांच की जाए। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। हाई रिस्क महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे प्रसव के दौरान जोखिम की स्थिति निर्मित ना हो। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने मातृत्व मृत्यु के प्रकरणों की भी विस्तार से जानकारी ली एवं उनके परिजनों से भी चर्चा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं के ब्लड प्रेशर की जांच व्यवस्थित ढंग से की जाए। कोई भी गर्भवती महिला आवश्यक जांचों से वंचित न रहे। एएनएम द्वारा की गई ब्लड प्रेशर की जांच का सुपरवाइजर द्वारा क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें हाइपरटेंशन की जांच में लापरवाही बरती गई है। उनमें संबंधित एएनएम को कारण बताओं नोटिस जारी करें। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर निलंबन भी किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में दस्तक अभियान की ब्लॉकवार समीक्षा कर 0 से 5 वर्ष के गंभीर कुपोषित बच्चों, जन्मजात विकृतियां वाले बच्चों की जांचों में संतोषजनक प्रगति दिखाई नही देने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को दस्तक अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी गंभीर कुपोषित बच्चों सहित अन्य रोगों से ग्रसित बच्चों की जांच कर उनका बेहतर उपचार किया जाए।

गांधी वाचनालय में प्रारंभ हुआ उप लोक सेवा केंद्र, विधायक डॉ शर्मा ने किया शुभारंभ

# विधायक ने कहा-अब तय समय सीमा में होते हैं कार्य





- कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा कि जनता को सुविधा देनी है
- गांधी वाचनालय प्रांगण में पारिजात का पौधा लगाया गया

इटारसी, देशबन्धु। शहर के नागरिकों को आज एक उप लोक सेवा केंद्र की सौगात प्राप्त हुई। यहां गांधी वाचनालय में नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा उपलोक सेवा केंद्र प्रारंभ कराया गया। तहसील में मौजूद लोक सेवा केंद्र का यह उप कार्यालय होगा।

मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने इस केंद्र का शुभारंभ आज किया। कार्यक्रम के बाद गांधी वाचनालय में विधायक डॉ शर्मा ने वाचनालय में पारिजात का पौधा लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसेवा केंद्र प्रारंभ किया, उनका सोचना था कि हर एक कार्य की समय सीमा तय हो, ताकि जनता के काम समय पर पूरे हों।

डॉ शर्मा ने कहा कि लोकसेवा केंद्र के लिए भी एक मंत्री हैं जो इसकी समीक्षा करते हैं और विधानसभा जैसे पटल पर इसे रखते हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि यह कभी कांग्रेस ने नहीं सोचा कि जनता के काम तय समय में हो। कांग्रेस के वक्त जनता को पता नहीं होता था कि आवेदन कहां करना है, कितने दिन में काम होगा। अभी हम दिन में आय, मूल निवासी, खसरा नकल जैसे कई काम करके देते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने निर्देश दिए थे कि ओवर ब्रिज के इधर बाजार तरफ रहने वाले लोगों को तहसील जाने में मुश्किल होती है, मौजूदा केंद्र दूर पड़ता है, इसलिए हमने यहां केंद्र प्रारंभ कराया है। अब नागरिकों को आसानी होगी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम नीता कोरी, तहसीलदार सुनीता साहनी, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, वरिष्ठ अधिवक्ता नर्मदापुरम जितेन्द्र तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मंयक मेहतो, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक अठोत्रा, सभापति अमृता मनीष ठाकुर, राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया, पार्षद मनीषा अग्रवाल, कुंदन गौर, अमित विश्वास, जिम्मी कैथवास,पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, राजकुमार बाबरिया, भाजपा महामंत्री नगर राहुल चौरे, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, लोक सेवा केंद्र प्रबंधक उत्तम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बेआसरा मवेशियों से सड़कों को मुक्त कराने कांग्रेस का प्रदर्शन



**इटारसी, देशबन्धु।** सड़कों पर बेआसरा घूमने वाले मवेशियों की समस्या के निराकरण की मांग लेकर आज कांग्रेस ने नगर पालिका कार्यालय में जाकर आंदोलन किया। कांग्रेस का आंदोलन पूर्व घोषित था। पहली लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय से दो मवेशी लेकर रैली निकाली और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेसी मवेशी लेकर नपा कार्यालय में घुसे और वहां भी जमकर नारेबाजी की। इधर इस मामले में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि केंद्र सरकार की गौ अभ्यारण्य योजना पर काम चल रहा है, अगर वहां से स्वीकृति हो जाती है तो जिला प्रशासन की मदद से हमारी बड़ी समस्या का निराकरण का रास्ता साफ हो जाएगा।

युवक कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी भी शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं से नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने बातचीत की। पूर्व नपाध्यक्ष नीलम गांधी ने कहा कि केंद्र से लेकर नपा तक भाजपा की सत्ता है फिर भी इस समस्या का हल नपा नहीं कर पा रही है। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि नगरपालिका अपनी तरफ से पूरे प्रयास कर रही है। अगर गौ-अभ्यारण्य योजना की स्वीकृति हो जाती है तो यह समस्या हमेशा के लिए हल हो जाएगी। पूर्व पार्षद नीलेश मालोनिया ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन को इस समस्या का हल खोजना चाहिए ना कि कांग्रेसियों से ही हल मांगना चाहिए। इस पर नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि हमारी परिषद में ही 54 एकड़ जमीन का प्रस्ताव लाया गया। आपकी परिषद में कभी ये प्रस्ताव आया हो तो आप बताइए। हम पूरा प्रयास कर रहे हैं ताकि समस्या से निजात मिल सके। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि जब शहर में गौशाला है तो वहां क्यों नहीं भेज सकते? इस पर नपाध्यक्ष चौरे ने कुछ तकनीकि समस्याएं बतायीं। कांग्रेस नेता अर्जुन भोला, जितेन्द्र ओझा, गोल्डी बैस सहित अन्य लोगों ने भी नपाध्यक्ष से बातचीत की। नपाध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा इस समस्या के अस्थाई निराकरण के लिए जल्द ही प्लान बनाने का आश्वासन मिलने पर कांग्रेस ने आंदोलन खत्म कर दिया।

### इनका कहना है

हमने बेआसरा मवेशियों की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया और अपनी मांगें रखी हैं। नपाध्यक्ष से कुछ दिनों बाद हमारा एक प्रतिनिधि मंडल मिलने जाएगा। उनकी चर्चा के बाद कुछ दिन और इंतजार करेंगे बावजूद उसके अगर समस्या का हल नहीं किया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

**मयूर जायसवाल,** अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी

कांग्रेसियों ने मवेशियों की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया है। अभी हमने सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने का काम गौसेवकों को दिया है। केंद्र सरकार की गौ अभ्यारण्य योजना पर काम चल रहा है अगर वहां से स्वीकृति हो जाती है तो जिला प्रशासन की मदद से हमारी बड़ी समस्या का निराकरण होने का रास्ता साफ हो जाएगा। तब तक के लिए हम जल्द ही एक अस्थाई योजना पर काम चालू करेंगे।

**पंकज चौरे,** नपाध्यक्ष इटारसी

# जन विश्वास बिल व्यापारियों में विश्वास जगाएगा, मध्यस्थता कानून से दूर होंगे विवाद

**इटारसी, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार ने अभी हाल ही में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2023 मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्धेश्य रहन-सहन एवं व्यापार करने में सुगमता को बढ़ाना है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नर्मदासंभाग विजय राठी ने कहा कि व्यापारियों एवं उधमियों के बीच विश्वास जगाने में जन विश्वास बिल काफी लाभकारी साबित होगा।

इस विधेयक में 19 मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रशासित 42 केन्द्रीय अधिनियमों में 183 प्रावधानों को अपराध मुक्त करने का प्रस्ताव है। विधेयक का मुख्य उद्धेश्य ऐसे छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना है जिनसे सार्वजनिक हित अथवा राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है और साथ ही उनके स्थान पर नागरिक दण्ड या प्रशासनिक कार्यवाही की व्यवस्था करना है। राठी ने बताया कि कैट ने सरकार से जीएसटी के साथ ही व्यापारियों पर लागू होने वाले अन्य कानूनों की नए सिरे से समीक्षा कर व्यापारियों के लिए जेल का प्रावधान हटानें की मांग की है। समाधान पोर्टल से निकलेगा रूका हुआ पैसा: राठी ने बताया कि व्यापार उधार पर चलता है। इसमें कई बार व्यापारी का पैसा दूसरे कारोवारी के पास अटक जाता है। पैसा नहीं लौटाने पर विवाद उत्पन्न होते है। इन विवादों को खत्म करने के लिए केन्द्र ने एमएसएमई कानून में संशोधन किया है। व्यापारियों के लिये सरकार समाधान पोर्ट लेकर आई है। इसके अंतर्गत उन्हें उधम आधार में पंजीकरण कराना होगा। व्यापारियों को 45 दिन के भीतर खरीदे गए सामान की रकम लौटानी हागी। इस अवधि में रकम ना लौटाने पर दूसरा व्यापारी समाधान पोर्टल पर इसकी शिकायत कर सकता है। शिकायत के बाद से 90 दिन के भीतर समाधान पोर्टल को इस मामले का निपटारा करना होगा। इस बीच पीडित व्यापारी को फंसी हुई रकम का मूल सहित 3 गुना ब्याज देना होगा।

# वेल्डिंग वर्कशॉप के संचालक की चाकू से गोदकर हत्या

**पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया खुलासा**

नर्मदापुरम, देशबन्धु। गुरुवार 17 अगस्त की शाम एक व्यक्ति के साथ कालिका नगर, नर्मदापुरम में हुई चाकूबाजी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची जहाँ नारायण प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ भूरा का मृत अवस्था में होना पाया गया। घटना स्थल पर ही मौजूद मृतक के भताजे अरुण पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी रायपुर थाना कोतवाली नर्मदापुरम द्वारा जानकारी दी गई कि मेरे चाचा नारायणप्रसाद उर्फ भूरा पिता द्वारका प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम रायपुर जिनकी वेल्डिंग की दुकान कालिका नगर रोड राजस्थान मार्बल के सामने स्थित है को अज्ञात आरोपियों द्वारा चाकू से मारपीट कर हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर घटना स्थल पर ही अज्ञात आरोपियों के विरुध्द अपराध कायम किया गया। जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 637/23 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी पराग सैनी के नेतृत्व में थाना कोतवाली में टीम का गठन उक्त अपराध की विवेचना एंव आरोपियो की तलाश के लिये किया गया। विवेचना के दौरान चश्मदीदों के बयानों के आधार पर आरोपियों की पहचान शिवा जाटव पिता सुंदरलाल उम्र 23 साल निवासी राठौर गली बालागंज, शुभम जाटव पिता दिंगबर जाटव उम्र 23 साल निवासी कालिका नगर नर्मदापुरम एवं एक नाबालिक के रूप में हुई। पुलिस टीमो के द्वारा आरोपियो के संबंध में लगातार प्राप्त हो रहे तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर घटना कारित करने वाले उक्त दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही विधी विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया, जिनसे की घटना को कारित करने में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी की गई है।

# वरिष्ठ नागरिक मंच ने विधायक को दिया गृहमंत्री के नाम ज्ञापन

**इटारसी, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा से भेंट कर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रदेश के पेंशनरों को महंगाई भत्ता राशि भुगतान घोषणा में बाधक बन रही मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6)को शीघ्र हटवाने की मांग की। विधायक डॉ. शर्मा से चर्चा के दौरान मंच के पदाधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र पांडे ने कहा कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के लागू होने के चलते राज्य सरकार जब भी अपने सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते देने की घोषणा करती है इसके साथ सेवानिवृत पेंशन पाने वाले कर्मचारियों को घोषणा नहीं कर पा रही है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है । आज प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि पेंशन पाने वाले कर्मचारियों को 38 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता मिल पा रहा है जो उनके साथ भारी अन्याय है। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन 2000 अधिनियम की धारा 49 (6) के हटते ही यह लाभ मध्य प्रदेश के पेंशनरों को तत्काल मिलने लगेगा। चर्चा के दौरान विधायक ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा कर मंहगाई भत्ता राशि भुगतान में आ रही धारा 49(6)को प्रदेश के पेंशनरों के हित में हटवा कर राहत दिलवाने की बात कहेंगे।

# जीनियस प्लानेट में हुआ ओलंपियन विवेक सागर का सम्मान

**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में भारतीय हॉकी टीम के चमकते सितारे और ओलंपियन विवेक सागर का सम्मान किया। हाल ही में भारत ने एशियन चैम्पियन ट्राफी का फाइनल जीता है जिसमें विवेक भारतीय टीम का हिस्सा रहे और टीम को फाइनल जिताने में अहम् भूमिका निभाई।

इस सम्मान समारोह में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, पत्रकार कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीएसए के संस्थापक शिव भारद्वाज, पूर्व हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद यूनिस सिद्दीकी, संचालक मो. जाफर एवं मनीता सिद्दीकी, प्राचार्य विशाल शुक्ला ने शॉल श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर विवेक सागर का सम्मान किया। विवेक के बड़े भाई विद्यासागर भी मौजूद थे। सभी विद्यार्थी विवेक सागर को अपने बीच पाकर बहुत ही प्रसन्न हुए। विवेक ने विद्यार्थियों को कहा कि वह अपना 100 प्रतिशत दें, चाहे वह पढ़ाई हो या खेल का मैदान तभी सफलता मिलेगी और कभी अपने शिक्षक और कोच के दिए निर्देशों की अवमानना न करें उनके बताये बताए हुए तरीकों को अपनाएं।




विवेक सागर ने पूर्व हॉकी खिलाड़ी यूनिस सिद्दीकी मौलाना साहब की 48 वर्ष पुरानी हॉकी को अपने हाथों में लेकर तस्वीर निकलवाई और कहा कि यह मेरी हॉकी से वज़न में 3 गुना भारी है कैसे इतनी भारी हॉकी से खेलते होंगे। संचालक जाफ़र सिद्दीकी ने विवेक को बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश के 140 करोड़ जनता से देश की टीम के लिए 14 चुनकर जाते हैं, उनमें मैदान पर जब विवेक खेल रहा होता है तो हमें गर्व होता है और वह खिलाड़ी हमारे बीच सहज ही मेरे बुलावे पर हमेशा आ जाता है, हम बड़े ही भाग्यशाली हैं।

# विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीष चन्द्र शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन, तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन गुरु नानक पब्लिक हायर सैकंड्री स्कूल के प्रांगण में किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति हर्ष भदौरिया ने विद्यार्थियों को भारतीय झंडा संहिता के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होता है, झंडे की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 होता है। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाना चाहिए साथ ही झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडों के साथ में नहीं फहराया जाये। किसी दूसरे झंडे को राष्ट्रीय झंडे से ऊंचा या उससे ऊपर नहीं लगाना चाहिए। झंडे को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के वाहन के सिवाय किसी अन्य वाहन पर नहीं फहराया जाता है। इसके साथ ही उनके द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में सतर्कता बरतने एवं साईबर कानून संबंधी अनेकों जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष गुरयानी, विधिक सेवा सदस्य जिनेन्द्र कुमार जैन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सलूजा, सचिव हरप्रीत सिंह छाबड़ा, वरिंदर सिंह लांबा, अमरजीत सिंह खालसा, प्राचार्य श्रीमती संगीता दुबे, उप प्राचार्य उमाशंकर तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## मददगार आर्मी की जिला टीम का गठन जल्द होगा

**इटारसी, देशबन्धु।** मददगार आर्मी जिला नर्मदापुरम की बैठक ईश्वर रेस्टोरेंट इटारसी में हुई। बैठक की अध्यक्षता मददगार आर्मी के अध्यक्ष आरिफ खान ने की। बैठक में इटारसी, होशंगाबाद, बानापुरा, बाबई, पिपरिया से मददगार आर्मी के सदस्य उपस्थित हुए। कुछ नए पद अधिकारी का स्वागत किया। जल्द कुछ नया प्लान पर काम करेंगे।


बैठक के विषय में बताया गया कि कुछ फैसले लिए उन पर काम किया जाएगा। आरिफ खान ने बताया कि पूरे जिले में मददगार आर्मी नगर अध्यक्ष और जिले की टीम बना दी जाएगी।

मददगार आर्मी ने अखिल भारतीय पासमंदा के प्रदेश अध्यक्ष जफर भोपाल और मददगार आर्मी के सदस्य सोहेल अली को जिला त्योहार कमेटी नर्मदापुरम में नया दायित्य मिलने पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जफर, अशफाक, नावेद खान, सोहेल अली, जुनैद ताजी, आसिफ, नफीस अहमद सिद्दीकी, आसिफ राइन, फिरोज, राजू, रिजवान अहमद, सोहल पठान, मोईन खान, शाहरुख खान, इरफान खान, समीर शाह, हसन शिकोही, याकूब शाह, अली रज़ा, गुलाम मुर्तज़ा, वसीम खान, फहीम खान, विजय जोशी, सौरभ मेहरा, सोहेब अली, नक़ी अली, सिराज खान, सब्बू अंसारी, जाकिर खान, शाहरुख खान, शैलू , विजय राजपूत आदि उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम

# देर मत कीजिए प्रजांतत्र के अपने अधिकार को पाने के लिए : सारिका

- चुनाव करने के लिए क्या आप बन चुके हैं मतदाता
- 19 एवं 20 अगस्त विशेष शिविर में बनिए नवमतदाता



**इटारसी, देशबन्धु।** चुनावों की तैयारी केवल प्रत्याशी की नहीं होती बल्कि जागरूक मतदाता के रूप में आपकी भी है कि समय रहते आप यह देख लें कि परिवार के नये सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल हो गये हैं। किसी कमी के होने पर नामों के विवरण में संशोधन भी कराना इसमें शामिल है। अवकाश के दिन होने जा रहे विशेष शिविर में आप यह काम आसानी से कर सकते हैं।

इस बारे में आम लोगों को जागरूक करने स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन तथा कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया। सारिका ने बताया कि शनिवार एवं रविवार 19 एवं 20 अगस्त को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित विशेष शिविर में आपके मतदान केंद्र के बीएलओ घर पर पहुंचकर दावा-आपत्ति का आवेदन लेंगे। इसमें आप 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नवमतदाताओं एवं अन्य का नाम जुड़वाने या संशोधन की प्रक्रिया करा सकेंगे। तो देर मत कीजिये प्रजांतत्र के अपने मताधिकार को पाने के लिये।

कांग्रेस ने जारी किया आरोप पत्र : भाजपा सरकार पर लगाया 3 लाख करोड़ के घोटालों का आरोप

# शिवराज सरकार ने घोटालों का कीर्तिमान बनाया : कमलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस और हमलावर हो गई हैं। पार्टी ने आज एक आरोप पत्र जारी कर राज्य में तीन लाख करोड़ से ज्यादा के घोटालों का आरोप लगाया है। जिसमें शिवराज सरकार के कार्यकाल के ढाई सौ घोटालों का जिक्र किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि शिवराज सरकार ने अपने 18 साल के कार्यकाल में घोटाले पर घोटाले कर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान रच दिया है।

उन्होंने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और अत्याचार चरम पर है। सरकार के काले कारनामों का काला चिट्ठा बहुत लंबा है, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण महाघोटालों को शामिल कर पार्टी ने शिवराज सरकार के 18 साल के कार्यकाल पर यह आरोप पत्र तैयार किया गया है। इससे प्रदेश की जनता को 50 प्रतिशत कमीशनराज की तथ्यात्मक हकीकत भली-भांति समझ आ जाएगी।

कमलनाथ ने कहा, पोषाहार घोटाले में राज्य सरकार ने गर्भवती और गर्भस्थ शिशुओं के साथ भ्रष्टाचार किया। राशन घोटाले में सभी नागरिकों के भोजन में घोटाला किया। आयुष्मान घोटाले में मृतकों के नाम पर उपचार कराकर संसार से विदा हो चुके मृतकों के नाम पर भी घोटाला कर दिया। यही एक ऐसी सरकार है, जिसने सिंहस्थ और महाकाल लोक घोटाले में भ्रष्टाचार कर भगवान के साथ भी धोखा किया है।

कमलनाथ ने कहा कि नर्मदा मैया में अवैध उत्खनन कर इन्होंने प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा के साथ भी छल किया है। इन्होंने दवा और दारू दोनों में घोटाला किया है। प्रदेश में हुआ नर्सिंग कॉलेज घोटाला और 86,000 करोड़ का शराब घोटाला इसी की बानगी है। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार जनमत से नहीं, बल्कि धनमत से बनी सरकार है। लोकतंत्र से घोटाला कर बनी इस सरकार ने सरकारी खजाने को लूटकर घोटाला करना अपना मूल मंत्र बना लिया है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार कमीशन, भ्रष्टाचार और घोटालों को अपना अधिकार समझने लगी है। इसीलिए जब एक ठेकेदार ने कमीशन राज से दुखी होकर पत्र लिखा और कांग्रेस के नेताओं ने ट्वीट किया तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बजाय सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में मुकदमे दर्ज करने का अभियान शुरू कर दिया गया। लेकिन, रीवा के दूसरे ठेकेदार ने कैमरे के सामने स्वीकार किया कि गौशाला निर्माण में भी 50 प्रतिशत कमीशनराज चल रहा है, इससे पता चलता है कि यह सरकार चोरी और सीनाजोरी पर उतर आई है।

### इन घोटालों का किया जिक्र

कांग्रेस द्वारा जारी आरोप पत्र में 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनबाड़ी नल-जल घोटाला, 600 करोड़ का गणवेश घोटाला, 2,000 करोड़ का सर्व शिक्षा अभियान घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम महाघोटाला, 2,000 करोड़ का नर्सिंग घोटाला, 3,000 करोड़ का कौशल घोटाला, 2,500 करोड़ का पैरामेडिकल छात्रवृत्ति घोटाला, 94,000 करोड़ का बिजली घोटाला, 10,000 करोड़ का जल जीवन मिशन घोटाला और 50,000 करोड रुपए का चेक पोस्ट घोटाला शामिल है।

### मेरा राजनैतिक जीवन बेदाग

यह पूछे जाने पर कि भाजपा यह आरोप लगाती रही है कि आपके राज में मंत्रालय दलालों का अड्डा बन गया था, इस पर कमलनाथ ने कहा कि मेरा 40 सालों से अधिक का राजनीतिक जीवन बेदाग है। मंत्रालय में कैमरे लगे हैं, बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। भाजपा के आरोप असत्य और बेबुनियाद हैं।

### सरकार आने पर जांच भी कराएंगे

कमलनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जो आरोप शिवराज सरकार पर लगाए जा रहे हैं कांग्रेस सरकार आने पर हम उसकी जांच कराएंगे।

### प्रत्येक आरोपों के प्रमाण : डॉ. गोविंद सिंह

आरोप पत्र में लगाए गए आरोपों की सत्यता पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह ने कहा कि प्रत्येक आरोप के प्रमाण हमारे पास हैं। कैग की रिपोर्ट, विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए उत्तर और सूचना का अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर यह आरोप पत्र तैयार किया गया।

शिवराज ने किया पलटवार, कहा-

## कांग्रेस बौखला गई है



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के आरोप पत्र को उसकी बौखलाहट करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बौखला गई है, इसलिए ऊल-जलूल आरोपों पर उतर आई है। लेकिन हमें जनता का जो प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। श्री चौहान ने कहा कि चुनावी तैयारियों को लेकर भाजपा पूरी तरह से मैदान में है। युद्ध स्तर पर हमारी तैयारियां चल रही हैं। कांग्रेस कह रही थी कि एक साल पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, 6 महीने पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, लेकिन भाजपा ने तो अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। हमारे सेनापति अब मैदान में हैं। श्री चौहान ने कहा कि विकास पर्व चल रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा फिर से भारी बहुमत से विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली है। 2024 में लोकसभा की 29 की 29 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।

भाजपा ने आरोप पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया

## कांग्रेस ने 15 माह में किए 15 हजार करोड़ के घोटाले



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस द्वारा जारी किए गए आरोप पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश में कांग्रेस की 15 माह की सरकार में 15 हजार करोड़ रुपए के घोटाले हुए हैं। भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता इतने डरे और सहमे हैं कि आरोप पत्र में किसी भी कांग्रेस नेता का फोटो तक नहीं है और न यह जानकारी है कि आरोप पत्र किसने जारी किया है। श्री शर्मा ने कहा कि कमलनाथ भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर जनता और मीडिया को भ्रमित कर रहे हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले कर्जमाफी का वादा करते रहे और जब सरकार बनी तो किसान कर्जमाफी के नाम पर 2 हजार करोड़ का घोटाला किया, जिसके परिणामस्वरूप किसानों को कर्जमाफी के बदले डिफाल्टर होना पड़ा। कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों की लिस्ट में फर्जी नाम शामिल कर पैसों की बंदरबाट की। उन्होंने कहा कि 15 महीने की कमलनाथ सरकार घोटालों और ट्रांसफर उद्योग की उपलब्धियों से भरी रही। श्री शर्मा ने कहा कि 165 दिनों में ही कमलनाथ सरकार ने 450 से अधिक आईएएस और आईपीएस के ट्रांसफर किए थे, इसके अलावा निचले स्तर तक ट्रांसफर किए।

केंद्रीय मंत्री ने अटेर के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा-

## बूथ जीतने का संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को लेकर काम कर रही हैं और भारत को विश्वगुरु बनाने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। इसके लिए हमें अपनी सरकारों के हाथ मजबूत करना होंगे, इसलिए अपने बूथ पर पूरी ताकत के साथ कमल के फूल को जिताने का संकल्प लेकर चुनावी युद्ध में जुट जाएं। यह बात केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को अटेर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा में बूथ का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, संगठन का निष्ठावान कार्यकर्ता ही हमारे बूथ की मुख्य पहचान है। हमारा कार्यकर्ता विचार पर केंद्रित है, व्यक्ति पर नहीं। केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने सन 1975 में आपातकाल लगाया था। उस समय हमारे कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, केशव सिंह भदौरिया, मान सिंह भदौरिया, प्रभु दयाल गुप्ता ने आपातकाल का विरोध किया। उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने इंदिरा सरकार के सामने झुकना पसंद नहीं किया और न ही उन्होंने माफी मांगी। यही हमारे कार्यकर्ताओं की मुख्य पहचान होती है। केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि अन्य राजनीतिक दल जातिवाद, परिवार, वंशवाद, भाई भतीजावाद, भाषावाद की राजनीति करते हैं, लेकिन भाजपा भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सर्व समाज को साथ लेकर राष्ट्रवाद की राजनीति करती है।

सम्मेलन को प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया एवं सांसद श्रीमती संध्या राय ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## मध्यप्रदेश भवन दिल्ली में फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में फूड फेस्टिवल 18 से 20 अगस्त, 2023 तक किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत फूड फेस्टिवल का आज आवासीय आयुक्त पंकज राग और मीडिया सलाहकार, मुख्यमंत्री आईसीपी केसरी ने शुभारंभ किया।


फेस्टिवल में मध्यप्रदेश के विशेष व्यंजन जैसे भुट्टे की किस, इंदौरी पोहा, सेव भाजी, बेसन गट्टा, मटर निमोना, दाल बाफला, पिलाफ, मटन सैलाना और भोपाली मुर्ग रेजाला के साथ-साथ मालवा थाली, बुंदेलखंड थाली और मध्यप्रदेश स्पेशल थाली का स्वाद आगंतुक ले सकेंगे। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए मिलेट खीर, चूरमा लड्डू और रागी हलवा जैसे व्यंजन भी उपलब्ध हैं। सांची के दुग्ध उत्पाद की बिक्री और प्रदेश के हस्तशिल्प और खादी उत्पादों की प्रदर्शनी भी फेस्टिवल में लगाई गई है। केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत फूड फेस्टिवल प्रतिभागी राज्यों के नई दिल्ली स्थित राज्य सदनों/भवनों में कर रहा है। इसका उद्देश्य पाक-कला के क्षेत्र में भारत की समृद्ध विविधता का उत्सव मनाना है।

## समन्दर सिंह समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापस लौटे



**भोपाल, देशबन्धु।** ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए जावद के कद्दावर नेता समन्दर सिंह पटेल कांग्रेस में वापस लौट आए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के सामने उन्होंने औपचारिक रूप से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

श्री पटेल जावद से लगभग सैंकड़ों वाहनों में अपने समर्थकों के साथ राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे थे। श्री पटेल ने कहा कि मुझे अपनी घर वापसी पर बहुत खुशी है, जिस तरह सुबह का भूला शाम को घर वापस आ जाए, उसे अपनी गलती का अहसास हो जाता है और फिर से वह अपनी मूल भावना और धारणा में शामिल हो जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह कांग्रेस की सरकार बनाने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, प्रकाश जैन, अशोक सिंह, योगेश यादव, जे.पी. धनोपिया, राजकुमार पटेल, सुश्री नूरी खान, गुरमीत सिंह मंगू, नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने किया।



उप्र कांग्रेस अध्यक्ष ने किया ऐलान

## अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

**लखनऊ, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लग गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को दावा किया कि पार्टी सांसद राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे। जब अजय राय से पूछा गया कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में किस सीट से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव लड़ेंगे। हमारे कार्यकर्ता उनकी सफलता के लिए मर मिटेंगे।

अजय राय ने कहा कि अगर प्रियंका गांधी की इच्छा हुई तो वाराणसी का एक-एक पार्टी कार्यकर्ता काम पर लगेगा। अजय राय ने इशारों ही इशारों में कह दिया है कि प्रियंका को पीएम मोदी के खिलाफ उतारा जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर हमला बोला है। उनका कहना है कि इस समय स्मृति ईरानी बौखला गई हैं। अब जनता जवाब मांगती है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को स्मृति ईरानी ने अमेठी से हरा दिया था। राहुल गांधी ने केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। राहुल को यहां से जीत मिली थी, लेकिन अमेठी से हारना न सिर्फ कांग्रेस के लिए बल्कि राहुल गांधी के लिए भी बहुत बड़ा झटका था।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने जारी की रिपोर्ट

# राज्यसभा के 75 सांसदों पर आपराधिक आरोप, 27 अरबपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 75 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, इनमें से चार पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। शुक्रवार को एक नई रिपोर्ट से यह पता चला।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है, क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध हैं और जम्मू-कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं। 'विश्लेषण किए गए 225 राज्यसभा सांसदों में से 75, यानी 33 प्रतिशत सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' इसमें कहा गया है कि 41 यानी 18 फीसदी राज्यसभा सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि दो सांसदों ने हत्या (आईपीसी धारा 302) से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चार सांसदों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है। 'चार सांसदों में से, के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान ने बलात्कार (आईपीसी धारा-376) से संबंधित मामला घोषित किया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चार मौजूदा सांसदों ने हत्या के प्रयास (आईपीसी धारा 307) से संबंधित मामलों की घोषणा की है। इसमें आगे कहा गया है कि भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से 23 (जो कि 27 प्रतिशत), कांग्रेस के 30 में से 12 (40 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 13 में से चार (31 प्रतिशत), राजद के छह में से पांच (83 प्रतिशत), राजद के छह में से चार (80 प्रतिशत), सीपीआई (एम) के पांच में से चार (80 प्रतिशत), आप के 10 में से तीन (30 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के नौ में से तीन (33 प्रतिशत) और एनसीपी के तीन में से दो (67 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बीजेपी के 85 में से 12 (14 फीसदी), कांग्रेस के 30 में से आठ (27 फीसदी), तृणमूल कांग्रेस के 13 में से दो (15 फीसदी), राजद के छह में से तीन (50 फीसदी), सीपीआई (एम) के पांच में से दो (40 प्रतिशत), आप के 10 में से एक (10 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के नौ में से तीन (33 प्रतिशत) और एनसीपी के तीन में से एक (33 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महाराष्ट, में आपराधिक मामलों वाले राज्यसभा सांसदों की संख्या सबसे अधिक है, इसके बाद बिहार और उत्तर प्रदेश का स्थान है। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र से 19 राज्यसभा सांसदों में से 12 (63 प्रतिशत), बिहार से 16 में से 10 (63 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश से 30 में से सात (23 प्रतिशत), तमिलनाडु के 18 में से छह (33 प्रतिशत), केरल के नौ में से छह (67 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल के 16 में से पांच (31 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

### अरबपति सांसदों में से 6 भाजपा के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 27 अरबपति हैं, जिनमें से छह भाजपा से हैं। शुक्रवार को सामने आई एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से छह (7 प्रतिशत) अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 राज्यसभा सांसदों में से चार (13 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों में से चार (44 प्रतिशत), आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत), टीआरएस के सात राज्यसभा सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत), और राजद के छह राज्यसभा सांसदों में से दो (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति की घोषणा है। इसमें आगे कहा गया कि 100 करोड़ रुपए की संपत्ति वाले सबसे ज्यादा सांसद आंध्र प्रदेश में हैं, उसके बाद तेलंगाना और महाराष्ट्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आंध्र प्रदेश के 11 सांसदों में से पांच (45 प्रतिशत), तेलंगाना के सात सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत), महाराष्ट्र के 19 सांसदों में से तीन (16 प्रतिशत), दिल्ली के तीन सांसदों में से एक (33 प्रतिशत), पंजाब के सात सांसदों में से दो (29 प्रतिशत), हरियाणा के पांच सांसदों में से एक (20 प्रतिशत), और मध्य प्रदेश के 11 सांसदों में से दो (18 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि राज्यसभा के मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपए है।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, नागदा
जिला उज्जैन, पिनकोड-456335

दूरभाष क्रमांक : 07366-241036, फैक्स - 07366-238151, ईमेल- cmonagda@mpurban.gov.in
क्रमांक : एफ-/स्वा.शा./2023/3690 नागदा, दि. 13/08/2023



सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं




अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, नागदा

उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, नागदा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नागदा


पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।